देश का Darpan News TV
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र
देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web : www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:130
जयपुर, शनिवार, 19 जुलाई 2025
मूल्य : 5.00 पेज:

कांवड़ यात्रियों को बदनाम किया जा रहा, उन्हें उपद्रवी बोला जाता है : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी
वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांवड़ यात्री पूरी श्रद्धा और भक्ति भावना से यात्रा करते हैं, लेकिन कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें उपद्रवी और आतंकवादी तक बोला जाता है। यह मानसिकता हर प्रकार से भारत की विरासत और आस्था को अपमानित करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन यहां राजघाट स्थित वसंता महिला महाविद्यालय में आयोजित बिरसा मुंडा की विरासत, आदिवासी सशक्तीकरण और राष्ट्रीय आंदोलन विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा को बदनाम करने और जातीय संघर्ष को हवा देने वालों को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस बारे में समाज को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कांवड़ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, आज कांवड़ यात्री अपनी भक्ति भावना से 200, 300, 400 किलोमीटर तक कांवड़ उठाकर हर-

हर बम बोलते हुए चले जाते हैं, लेकिन उनका भी मीडिया ट्रायल होता है। उन्हें उपद्रवी और आतंकवादी तक बोला जाता है। यह मानसिकता हर प्रकार से भारत की विरासत और आस्था को अपमानित करने का काम कर रही हैं। यही लोग सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष फैलाने का काम करते हैं....। समाज को बांटने का काम करते हैं। ऐसे लोगों से हमें सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाज के बीच विघटन पैदा कर लोगों को मुख्यधारा से अलग करने का काम करते हैं। इनके ऐसे ही कारनामे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती का संदेश देते हुए आम लोगों को भी सतर्क किया। उन्होंने एक घटना का उल्लेख कर कहा कि दो-तीन साल पहले ऐसे ही एक घटना हुई थी। एक आगजनी की घटना में एक व्यक्ति केसरिया भगवा गमछा ओढ़े था, बीच में अचानक गमछा निकलने पर उसके मुंह से निकला या अल्लाह...। समाज की एकता में ऐसे लोग बाधक है। ऐसे लोगों को चिन्हित करना चाहिए।

ऐसे लोग बातों से नहीं मानते-

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन का महीना चल रहा है। इससे पहले मुहर्रम था, हमने नियम बना दिये थे कि ताज़िये की लंबाई सीमित रखें। इससे बिजली,पेड़ की टहनी को नुकसान पहुंचता था। मुहर्रम पर नियम नहीं मानने पर जौनपुर में घटना हो गई । ताजिया को इतना ऊंचा किया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर तीन लोग मारे गए। बाद में उपद्रव हुआ, तो मैंने कहा लाठी मारो इनको, बातों से नही मानेंगे। इसका किसी ने विरोध नही किया।

स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला साफ्टवेयर इंजीनियर फरीदाबाद से हिरासत में

एजेंसी
चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकियां देने के आरोप में हरियाणा के फरीदाबाद से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को हिरासत में लिया है। आरोपित की पहचान फरीदाबाद निवासी शुभम दुबे के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने इसकी जानकारी दी। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने शुक्रवार को बताया कि बीती 14, 15 व 16 जुलाई को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को मेल भेजकर दरबार साहिब को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस मेल में दरबार साहिब के अलावा दिल्ली के स्कूलों और तमिलानडु की कई संस्थाओं की जिक्र था। भुल्लर ने बताया कि जांच में तमिलनाडु के कई अधिकारी भी पंजाब पुलिस के संपर्क में हैं। इस तरह के कई ई-मेल बीते समय में तमिलनाडु में भी सर्कुलेट हुई हैं। ई-मेल में द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके), दक्षिण राज्यों के लोगों के नाम ही प्रयोग किए गए हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शुभम दुबे सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, जो दो कंपनियों में जॉब के बाद अब बेरोजगार है। इस मामले में पुलिस को कुछ तकनीकी सबूत भी मिले हैं। पूछताछ में अगर उसकी संलिप्पता पाई गयी, तो उसको गिरफ्तार किया जाएगा। भुल्लर ने बताया कि ई-मेल भेजने के लिए आरोपित डार्कनेट का प्रयोग कर रहे हैं, जिसक कारण आईपी एड्रेस अन्य-अन्य देशों के आ रहे हैं। हिरासत में लिए गए आरोपित शुभम से पूछताछ कर पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि क्या यह कोई अकेला साइबर हमला था या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क या कट्टरपंथी साजिश है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला दल ने 19,500 फीट पर किए दर्शन, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

देहरादून। 19,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित कैलाश पर्वत के मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने आज भगवान शिव के दर्शन किए। कैलाश की पहली झलक से श्रद्धालुओं की आंखों से अश्रु बह निकले और वे हर-हर महादेवके उद्घोष करने लगे। इस दल में देश के 11 राज्यों से आए कुल 49 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा की शुरुआत दिल्ली से हुई, जो पिथौरागढ़, गूंजी और लिपुलेख होते हुए चीन के तकलाकोट तक पहुंची। दर्शन के बाद यात्री आज भारत लौट आएंगे और अपनी यात्रा के फोटो भी साझा किए। यात्री नरेंद्र ने बताया कि यात्रा भले ही कठिन रही, लेकिन हर कदम पर भगवान शिव की ओर बढ़ना सुखद अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि डोल्मा पास की चढ़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी, कईयों को थकान और ऑक्सीजन की कमी हुई, लेकिन भक्ति और आस्था ने उन्हें हिम्मत दी। यात्री ऊं नमः शिवाय का

जप करते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्री नागपाल ने बताया कि कैलाश दर्शन के बाद मानसरोवर झील के दर्शन हुए, जहां पवित्र जल में उभरते दृश्यों ने ऐसा अहसास कराया मानो हिमालय भी शिव के समक्ष नतमस्तक हो। झील के किनारे हवन-यज्ञ, दीप प्रज्ज्वलन और भोलेनाथ का आह्वान किया गया, साथ ही देश की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की गई। प्रथम दल के लाइजनिंग ऑफिसर संजय गुज्याल ने बताया कि सभी यात्री दर्शन के बाद स्वस्थ्य हैं और भारत की ओर लौट रहे हैं। वे अपने को सौभाग्यशाली मानते हुए शिव-शिव का जाप कर रहे हैं।

बंगाल जूझ रहा है तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से : मोदी

दुर्गापुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के दौरे पर आने से पहले राज्य की ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सत्तारूढ़ पार्टी के कुशासन से जूझ रहा है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर के दौरे पर आने से कुछ घंटे पहले यह बात कही। श्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि भगवा पार्टी राज्य का विकास कर सकती है। पूर्वी बर्धमान के औद्योगिक शहर पहुँचने से पहले श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स मंच पर कहा, पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से जूझ रहा है। लोगों का मानना है कि केवल भाजपा ही विकास कर सकती है। उन्होंने लोगों से भाजपा की उस रैली में शामिल होने की भी अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा, 18 जुलाई को दुर्गापुर में एक कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के लोगों के बीच आने का बेसब्री से इंतज़ार है। मैं विभिन्न कार्यों की आधारशिला रखूँगा और 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन भी करूँगा।

प्रधानमंत्री आज राज्य के विभिन्न जन-उन्मुख परियोजनाएँ तेल और गैस, बिजली, रेलवे और सड़क का उद्घाटन एवं आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा शहर के आसपास के निकटवर्ती स्थल से भाजपा की रैली के लिए रवाना होने से पहले नेहरू स्टेडियम में कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। भाजपा का लक्ष्य 2026 के विधानसभा चुनावों में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाना है। श्री मोदी का यहा दौरा राज्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है और उम्मीद है कि इससे स्थानीय पार्टी कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा। इससे पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य गुरुवार को यहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा विभिन्न केंद्रीय परियोजनाओं के साथ इस शहर के विकास की दिशा में नई गति प्रदान करेगी।

बनाएंगे नया बिहार, फिर एक बार एनडीए सरकार : पीएम मोदी

एजेंसी
मोतिहारी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार की एक दिवसीय यात्रा के क्रम में मोतिहारी पहुंचे। यहां उन्होंने गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार की एनडीए सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। इस दौरान लोगों को भरोसा देते हुए उन्होंने कहा, 'बनाएंगे नया बिहार, फिर एक बार एनडीए सरकार'। अपने इस दौरे के दौरान पीएम मोदी ने प्रदेश को 7200 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार ने आज जो विकास योजनाएं शुरू की हैं, उनसे बिहार के लोगों को बहुत फायदा होगा। कांग्रेस और राजद गरीबों, दलितों, पिछड़ों और वंचितों के नाम

पर सिर्फ राजनीति करते हैं, लेकिन ये लोग अपने परिवार के अलावा किसी और का सम्मान नहीं करते। हमें बिहार को इनसे बचाना है। नीतीश कुमार और भाजपा की टीम ने यहां कई सालों से कड़ी मेहनत की है विपक्षी दलों पर जुबानी हमला करते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग कभी बिहार का विकास नहीं कर सकते हैं। इसलिए हमें मिलकर बिहार के विकास को और गति देनी है। हमें संकल्प लेना है कि बनाएंगे नया बिहार, फिर एक बार एनडीए सरकार। पीएम मोदी ने एक नया नारा बिहार का संकल्प अटल, एनडीए के साथ हर पल देते हुए कहा कि पहले लालटेन के दौर वाला बिहार था, अब नई उम्मीदों की रोशनी वाला बिहार है। हाल में बिहार सरकार की ओर से सामाजिक पेंशन की राशि बढ़ाए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने पिछले दिनों दिव्यांग, बुजुर्ग और विधवा पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1100 रुपए कर दिया। पिछले डेढ़ महीने में ही 24 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों को 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद भेजी गई। ये सभी पैसे बैंक खातों में सीधे भेजे गए। केंद्र सरकार ने जनधन योजनाओं के तहत माताओं-बहनों के खाते खुलवाए हैं।

कविंदर गुप्ता ने लद्दाख के नए उपराज्यपाल पद की शपथ ली

एजेंसी
लद्दाख। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के नए उपराज्यपाल के रूप में शुक्रवार को कविंदर गुप्ता ने शपथ ली। राज निवास में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण पल्ली ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव पवन कोतवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से गुप्ता की नियुक्ति का वारंट पढ़ा। वह केंद्र शासित प्रदेश के तीसरे उपराज्यपाल हैं और ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा का स्थान लिया है, जिन्होंने 19 फरवरी, 2024 को केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल का पदभार संभाला था। मिश्रा ने आरके माथुर का स्थान लिया था। जम्मू और कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किये जाने पर 2019 में उन्हें लद्दाख के पहले उपराज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता कविंदर गुप्ता ने अतीत में सरकार और अपनी पार्टी दोनों में कई महत्वपूर्ण पदों

पर कार्य किया है। वह 2018 में भाजपा-पीडीपी सरकार के दौरान 51 दिनों के लिए जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री रहे। जब भाजपा ने महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया, तो उन्होंने पद छोड़ दिया। जम्मू शहर के जानीपुर इलाके के रखने वाले 66 वर्षीय गुप्ता 2005 से 2010 तक लगातार तीन बार जम्मू के मेयर भी रह चुके हैं।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला:पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को ईडी ने किया गिरफ्तार

एजेंसी
रायपुर । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में शुक्रवार को छापेमारी की। फिलहाल चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने भूपेश बघेल के बेटे पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को भिलाई स्थित निवास पर छापा मारा था। कुछ घंटे की गहन तलाशी के बाद चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी की गई। बता दें कि चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन के दिन गिरफ्तार किया गया है। चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के समय कांग्रेस कार्यकर्ता भिलाई में पुलिस से भिड़ गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिसकर्मियों के साथ झड़प की और ईडी के वाहनों को रोकने की कोशिश की। यह गिरफ्तारी उस समय हुई जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ विधानसभा में थे। ईडी की कार्रवाई के विरोध में विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया। सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए विपक्ष के सदस्यों ने सदन में नारेबाजी की। कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की छापेमारी पर

कांग्रेस ने भी सवाल उठाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस की तरफ से पोस्ट में लिखा गया, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी भेज दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग को अपने पालतू की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। विपक्ष का जो भी नेता उनके भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलता है, उस पर छापे डलवा दिए जाते हैं। कांग्रेस ने इस पोस्ट में आगे लिखा, भूपेश बघेल शुक्रवार को विधानसभा में पेड़ काटने का मुद्दा उठाने वाले थे, उससे पहले ईडी भेज दी गई। लेकिन पीएम मोदी याद रखें, इन गीदड़ भभकियों से कांग्रेस और उसके नेता डरने वाले नहीं। हम और मजबूती से आपके भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे।

नर्स निमिषा प्रिया मामला: सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, केस लड़ रही संस्था ने मांगी यमन जाने की इजाजत

एजेंसी
नई दिल्ली । यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को फांसी की सजा से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस मामले में 'सेव निमिषा प्रिया एक्शन काउंसिल' नामक संगठन ने कोर्ट से अनुमति मांगी कि उन्हें यमन जाकर मृतक के परिवार वालों से बातचीत करने की इजाजत दी जाए। संगठन का मानना है कि मृतक के परिवार से बातचीत के जरिए निमिषा की सजा को माफ करने या कम करने की संभावना बन सकती है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप सरकार के पास ज्ञापन दीजिए। सरकार अपने हिसाब से इस पर फैसला लेगी। हम इस पर कुछ नहीं कह सकते। इस मामले की अगली सुनवाई अब 16 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि निमिषा की फांसी की सजा को फिलहाल रोक दिया गया है। उन्होंने इसके लिए भारत सरकार का आभार जताया।वकील ने कहा कि अब उन्हें यमन जाकर मृतक के परिवार से बात करने की जरूरत है ताकि इस मामले में कोई सकारात्मक हल निकल सके। वहीं, भारत सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने कोर्ट में कहा कि एक हत्याकांड में मौत की सजा सुनाई गई थी। नर्स निमिषा प्रिया 2008 से यमन में रह रही थीं। उन्होंने एक क्लीनिक शुरू किया था, लेकिन स्थानीय कानून का पालन करने के लिए यमन के नागरिक तलाल अब्दुल मेहदी को साझेदार बनाना

सरकार नहीं चाहती कि इस मामले में कोई गलत कदम उठे, जिसका नकारात्मक परिणाम हो। सरकार का उद्देश्य निमिषा प्रिया को सुरक्षित भारत वापस लाना है। उन्होंने कोर्ट को आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले में पूरी सावधानी और संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। बता दें, केरल की रहने वाली नर्स निमिषा प्रिया को यमन में पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तलाल अब्दुल मेहदी ने बाद में निमिषा को परेशान करना शुरू कर दिया था। वह उनका पैसा हड़पने लगा और कथित तौर पर पासपोर्ट भी छीन लिया था। साल 2017 में पासपोर्ट वापस लेने की कोशिश में निमिषा ने तलाल अब्दुल मेहदी को बेहोश करने के लिए एक इंजेक्शन दिया।

राहुल गांधी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट को बताया 'षड्यंत्र',कहा- सरकार 'मेरे जीजाजी को परेशान कर रही

एजेंसी
नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट को 'षड्यंत्र का हिस्सा' करार दिया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाए कि उनके बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को पिछले दस साल से यह सरकार (भाजपा सरकार) परेशान कर रही है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'मेरे जीजा रॉबर्ट वाड्रा को पिछले दस सालों से यह सरकार परेशान कर रही है। यह चार्जशीट उसी षड्यंत्र का एक और हिस्सा है। मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ हूं, क्योंकि वे दुर्भावनापूर्ण, राजनीतिक रूप से प्रेरित आरोपों और उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद ने आगे लिखा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि वे सभी किसी भी तरह के अत्याचार का साहसपूर्वक सामना करने में सक्षम हैं और वे हमेशा की तरह गरिमा के साथ इसे सहन करेंगे। आखिरकार सच्चाई की जीत होगी। केंद्रीय जांच

एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ शिकोहपुर भूमि से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में चार्जशीट दाखिल की। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा और उनकी कंपनी की 37.64 करोड़ रुपए की 43 संपत्तियों को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अटैच भी किया। ईडी की चार्जशीट के अनुसार, रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने गुरुग्राम जिले के शिकोहपुर गांव में 3.53 एकड़ जमीन ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपए में 'झूठे दस्तावेजों' के आधार पर 'धोखाधड़ी' से खरीदी थी। इसमें यह भी कहा गया है कि रॉबर्ट वाड्रा ने 'रसूख' का इस्तेमाल कर खरीदी गई जमीन पर व्यावसायिक लाइसेंस हासिल किया। यह जमीन खरीद सौदा फरवरी 2008 में हुआ था।

'वंदे भारत एक्सप्रेस का गैर वातानुकूलित संस्करण है अमृत भारत एक्सप्रेस

एजेंसी
पटना। दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) जयंत चौधरी ने'अमृत भारत एक्सप्रेस' को 'वन्दे भारत एक्सप्रेस' का गैर वातानुकूलित संस्करण बताते कहा कि यह गरीबों और निम्न मध्य तीव्र गति से यात्रा की सुविधा मुहैया करायेगी। श्री चौधरी ने संवाददाताओं से कहा कि अमृत भारत एक्सप्रेस आम लोगों को कम समय में गंतव्य तक पहुंचाएगी। यह ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस का गैर वातानुकूलित संस्करण है, क्योंकि इसमें यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। हर बोगी में जगह-जगह सीसीटीवी लगाए गये हैं। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन का किराया अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों से थोड़ा ही अधिक है। गौरतलब है कि देशभर में अबतक सात अमृत भारत एक्सप्रेस संचालित हो रही हैं, जिनमें से चार ट्रेनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आभासी माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस तरह से बिहार में अब छह अमृत भारत एक्सप्रेस चलने लगी हैं।

आज जिन ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ उनका किराया निम्न प्रकार है। ट्रेन संख्या 15567 बापूधाम -आनंद विहार दिल्ली - 555 रुपये ,ट्रेन संख्या 22361 राजेन्द्र नगर, पटना-नयी दिल्ली - 560 रुपये, ट्रेन संख्या 15561 दरभंगा -गोमती नगर, लखनऊ - 415 रुपये, और ट्रेन संख्या 13435 मालदा टाउन - गोमती नगर, लखनऊ -540 रुपये।

ईडी की रडार पर आम आदमी पार्टी के नेता, मनी लॉन्ड्रिंग के तीन नए केस दर्ज

एजेंसी
नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता एक बार फिर ईडी की रडार पर आ गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार के कार्यकाल के दौरान सामने आए तीन बड़े कथित घोटालों में मनी लॉन्ड्रिंग के केस दर्ज कर लिए हैं। ये मामले अस्पताल निर्माण, सीसीटीवी परियोजना और शेल्टर होम से संबंधित हैं। ईडी ने इन मामलों में इन्फोर्समेंट केस इनफॉर्मेशन रिपोर्ट दर्ज की है और जल्द ही आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को पूछताछ के लिए समन भेजे जा सकते हैं। पहला मामला 5,590 करोड़ रुपए के अस्पताल निर्माण घोटाले से जुड़ा हुआ है। इस घोटाले में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। साल 2018-19 में दिल्ली सरकार द्वारा 24 अस्पताल परियोजनाएं मंजूर की गई थीं। इन आईसीयू अस्पतालों को छह महीने में तैयार करना था, लेकिन तीन साल बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है। अब तक करीब 800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, लेकिन सिर्फ 50 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है। इसके अलावा, एलएनजेपी अस्पताल की लागत 488 करोड़ से बढ़कर 1,135 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।

दूसरा मामला 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी घोटाले से जुड़ा है। 2019 में दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई गई थी। यह ठेका भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (भेल) को दिया गया, लेकिन परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई। भेल पर 17 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया, जिसे बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के माफ कर दिया गया था। तीसरा मामला 207 करोड़ की गड़बड़ी का डीयूएसआईबी शेल्टर होम घोटाले से जुड़ा है। दिल्ली अर्बन शेल्टर इंप्रूवमेंट बोर्ड (डीयूएसआईबी) से जुड़ी परियोजनाओं में भी गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। आरोप है कि फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद के जरिये 207 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई। लॉकडाउन के दौरान कागजों में दिखाया गया कि 250 करोड़ रुपए का शेल्टर होम का काम 'घोस्ट वर्कर्स' के नाम पर दर्शाया गया। इन कर्मचारियों की सैलरी नेताओं तक कमीशन के रूप में पहुंचाने का आरोप है।

मारपीट व लूट में वांछित शातिर मुल्जिम गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज
श्रीमती तेजस्विनी गौतम आईपीएस पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बताया कि. पुलिस थाना सांगानेर जयपुर पूर्व पर परिवादी ने दर्ज कराया कि, में जवाहर सर्किल पर होप अप गेम जोन में नौकरी करता हूँ मेरी ड्युटी का टाईम दिन में 2 PM से रात्रि 11PM तक है 8 जून 2025 को मे मरी डयुटी से फिरी होकर रात को 11.30 PM घर की तरफ जा रहा था मे सागानेर पुलिया के नीचे से एयरपोर्ट रोड पर पहुंचा था तो पिछे से तेज रफतार से आती हुई एक काले रंग की थार गाडी ने मेरी मोटर साईकिल को टक्कर मारी दी मे गिर गया थार गाडी मे से 4-5 लोग उतरे मुझे गाली गलोच करने लग गये तो मैने मेरे मोबाइल से गाडी की फोटो ले ली जिससे पर वो लोग मुझे मारपीट करने लग गये इस पर ज्यादा भिड लग गई तो वो गाडी लेकर भाग गये मेरे चोट लगने के कारण मेरे से चला नही जा रहा था तो मेने मेरे दोस्त कुशाल शर्मा २/ङ्ग राजेश शर्मा को फोन करके घटना के बारे में बताया तथा मुझे हॉस्पीटल ले जाने के लिए बुलाया 15-20 तक मेरा दोस्त कुशाल शर्मा आता

है तब तक में वही बैठा जैसे ही कुशाल मेरे पास पहुंचा वो लोग थार गाडी से वापस आ गये और 4-5 लडके उतरे और लाठी डण्डो से हम दोनो पर हमला कर दिया तथा हमे थार गाडी में डाक मारते पिटते हुये वहा से ले गये रिंग रोड के पास सुनसान इलाके मे हमे निचे उतारकर लाठी डण्डो से मारपीट की उसके थोडी देर बाद वहा पर एक सफेद 120 कार आई नम्बर RJ05CD2009 इसमें 3-4 लोग आये जो इनके ही दोस्त थे इन सबने मिलकर हमारे साथ मारपीट की आदि पर प्रकरण संख्या 240/2025 धारा 189(2), 115(2), 126(2), 281, 140(2), 140(3) इठर में प्रकरण दर्ज किया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व श्री आशाराम चौधरी आरपीएस के नेतृत्व में श्री विनोद शर्मा आरपीएस सहाय पुलिस आयुक्त सांगानेर के निकट सुपरविजन में श्रीनिवास जांगिड पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सांगानेर के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए वांछित मुल्जिम विकास शर्मा को गिरफ्तार किया गया।

न्यूज फ्लैश

मोटरसाईकिल चोरी करने वाला एक शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज
परिवादी श्री सोनू साहू पुत्र श्री शंकरलाल साहू निवासी 123 शिवाजी नगर शास्त्रीनगर जयपुर ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट पेश की कि मै दिनांक 13.07.2025 को मेरी मोटरसाईकिल RJ 26 SU 1424 से गोविन्द देवजी मन्दिर दर्शन करने के लिए आया था

मोटरसाईकिल गेट के बाहर खड़ी की थी वापस आकर देखा तो मोटरसाईकिल नहीं मिली। कोई चुराकर ले गया आदि पर मुकदमा न. 186/2025 धारा 303 (2) BNS में दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्रीमती राशि डोगरा डूडी IPS के निदेर्शानुसार माल की बरामदगी एवं मुल्जिम की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु श्री बजरंग सिहँ अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर ।। के सुपरविजन में एवं श्री अनूपसिहँ सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली जयपुर उत्तर के निर्देशन में श्री महावीर सिहँ पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी कोतवाली के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चैक किये जाकर अथक प्रयासों से मुल्जिम को गिरफ्तार किया जाकर चोरी गई मोटरसाईकिल को बरामद करने में सफलता हासिल की गई।

तीन अज्ञात सवारों ने नकदी और फोन लूटकर हुए फरार

देश का दर्पण... दैनिक अखबार पत्रकार..राकेश कोठेनिया हलेना
नदबई (भरतपुर) थाना क्षेत्र में बुधवार रात लूट की दो अलग-अलग घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तीन अज्ञात बाइक सवारों ने पहले एक हलवाई से मोबाइल छीन लिया, फिर कोचिंग से लौट रहे छात्र से नकदी और फोन लूटकर फरार हो गए। पहली घटना में गांव धरसौनी निवासी रामसहाय सैनी से चोरपीपरी के पास मारपीट कर मोबाइल छीना गया। वहीं, दूसरी घटना बैलारा बाईपास की है, जहां खेड़ी देवी सिंह निवासी कोचिंग छात्र प्रदीप से 6 हजार रुपए और मोबाइल लूटा गया। पीड़ितों की रिपोर्ट पर नदबई थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

खनपुरा मोड़ के पास NH-11B मार्ग बंद, उर्मिला सागर बांध का जलस्तर एफटीएल से ऊपर पहुंचा

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 18 जुलाई।
जिले में लगातार हो रही बारिश और बांधों में हो रही जल आवक के चलते शुक्रवार को उर्मिला सागर बांध का जलस्तर 31.40 फीट दर्ज किया गया, जो कि इसके फुल टैंक लेवल से 2.10 फीट अधिक है।

इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्ग ठल्-11इ को खनपुरा मोड़ के पास से काट दिया है, जिससे यह मार्ग अवरुद्ध हो गया है। इसके चलते बाड़ी-धौलपुर के बीच आने-जाने वाला यातायात फिलहाल बंद कर दिया गया है।
जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और प्रशासन की टीमें क्षेत्र में तैनात हैं। साथ ही, पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट पर रखा गया है। आमजन से अपील की गई है कि वे इस मार्ग से यात्रा न करें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। कोई भी जानकारी या मदद के लिए जिला नियंत्रण कक्ष 05642झ220033 से संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने को तैयार है।

शिक्षा का भगवाकरण में ही भारत का प्रकटीकरण है :- डॉ सुधांशु त्रिवेदी

जयपुर, 18 जुलाई 2025। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस शासन में गुलामी की मानसिकता को स्वीकार करने एवं उसे पुष्पित-पल्लवित करने का काम हुआ वहीं भाजपा की सरकारों में भारतीय विचार से प्रेरित "स्व का तंत्र" स्थापित कर देश का गौरव बढ़ाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद स्थापना से लेकर प्रेरणा तक भारतीय होने वाली भाजपा के शासन को विदेशी समाचार पत्र संडे गार्जियन ने भी भारत का नियति से दूसरी बार साक्षात्कार बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व ही है कि भारत आज अर्थव्यवस्था और स्टॉक एक्सेंज में चौथे नंबर पर है, आटोमोबाइल एवं एयरलाइंस में तीसरे नंबर पर है, मोबाइल निर्माण पर दूसरे नंबर पर है और डिजिटल पेमेंट के मामले में केवल पहले नंबर पर ही नहीं है, बल्कि दूनिया का 48 प्रतिशत पेमेंट जो अमेरिका तथा चीन को मिलाकर भी ज्यादा होता है।
भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 1947 में अंग्रेजों से आजादी मिली, 1977 में हम राजनीतिक रूप से आजाद हुए, 1990 के दशक में हम सांस्कृतिक रूप से आजाद हुए और आज हम वैचारिक लोकतंत्र के रूप में स्थापित हुए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी लोगों ने पाठ्यक्रमों में इस तरह की विषय वस्तु शामिल करवाई, जिससे भारतीय होने पर ग्लानि और हिन्दू होने पर शर्म महसूस होती हो। क्या कारण है कि महाराणा प्रताप को हारा हुआ पढ़ाया जाता रहा, क्या महाराणा प्रताप युद्ध क्षेत्र में वीर गति को प्राप्त हो गए थे, क्या उन्हें बंदी बना लिया गया था, क्या उन्होंने टैक्स देना स्वीकार किया था, तो फिर कैसे महाराणा प्रताप की पराजय का इतिहास हमारी युवा पीढ़ी को पढ़ाया गया। राणा सांगा के बारे में लुटेरों के लिखें झूठ को इतिहास बनाकर क्यों पढ़ाया गया ? आज कांग्रेस के लोग शिक्षा के पाठ्यक्रम में परिवर्तन को लेकर सवाल उठा रहे है कि भगवाकरण हो रहा है, यह भगवाकरण नहीं, भारत का प्रकटीकरण है।
भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये वामपंथी मानसिकता ही है जिसने व्यापारियों को बेईमान कहा और लुटेरों को सम्मान दिया। इन विदेशी मानसिकता के इतिहासकारों ने आर्य से लेकर आलु, गोभी, मिर्च—टमाटर तक बाहर से आया बता दिया। उन्होंने देश में जो अच्छा था उसे बाहर से आया हुआ, जो बुरा था उसे हमारी मानसिकता करार दिया। बुराइयों के लिए हम ही जिम्मेदार हो गए, जब आक्रांताओं के अत्याचार प्रमाण सहित सामने रखे जाते है तो झूठ फैलाया जाता है कि आक्रांताओं को हमने ही बुलाया था। उन्होंने कहा कि बप्पा रावल तुर्की तक गए, हमें नहीं पढ़ाया गया, पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गजनी को 17 बार हराया, वह नहीं पढ़ाया गया।
उन्होंने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि डिस्कवरी आफ इंडिया में गजनी की मथुरा यात्रा का जिक्र करते हुए नेहरू ने उसे कला प्रेमी बता दिया, वहीं महमूद गजनी के दरबारी इतिहासकार अल उतबी ने "तारीख-ए-यामिनी" नामक पुस्तक में लिखा है कि गजनी ने मथुरा की इमारतों एवं मंदिरों की भव्यता को देखकर कहा था कि ये इंसान की बनाई नहीं हो सकती, इसे देवताओं ने बनाया है, इसलिए इन्हें जमीदोज कर दिया जाए।

एक राष्ट्र एक चुनाव भारत की जरूरत, राष्ट्रीय एकात्मकता को स्वीकार नहीं करने वाले कर रहे है विरोध:-सुधांशु त्रिवेदी

जयपुर, 18 जुलाई 2025। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने एक राष्ट्र-एक चुनाव परिचर्चा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में एक राष्ट्र और एक चुनाव की अवधारणा को समझने के लिए हमें एक राष्ट्र की अवधारणा को समझना होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग इसका विरोध कर रहे है, वो भारत की एक राष्ट्र की अवधारणा का स्वीकार ही नहीं करते। वे अभी भी भारत में 22 राष्ट्रीयता के विदेशी विचार को हवा देने में लगे है। महात्मा गांधी ने अपनी हिंद स्वराज किताब में इस 22 राष्ट्रीयता के विचार को सिरे से खारिज करते हुए कहा था कि अगर हिन्दुस्तान एक नहीं होता तो अंग्रेज एक साथ शासन कैसे कर सकते थे?
भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अयोध्या के भगवान श्रीराम कुलदेवता तमिलनाडु में विरामान होते है, भगवान श्रीकृष्ण शरीर द्वारका में त्यागते है और उनका हृदय जगन्नाथपुरी में माना जाता है, आदिशंकर का जन्म केरल में हुआ तो उनकी समाधि केदारनाथ में है, यह स्पष्ट बताता है कि भारत की राष्ट्रीय एकात्मकता एक राष्ट्र के भाव में है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जननी कहते है तो इसके पीछे चोल गणराज्य की समितियों के चुनाव की व्यवस्था, वासन्ना के अनुभव मंडपम और वैशाली की गणराज्य परम्परा के मुंह बोलते प्रमाण सामने है।
भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हमारे पिछले लोकसभा चुनाव में 12 हजार से अधिक की राशि खर्च बताई गई, वहीं 10 लाख से अधिक जवानों को चुनावी ड्यूटी में लगाया जाता

है, देश के 25 लाख सरकारी कर्मचारी चुनावी ड्यूटी में लगते है, हर छह माह में होने वाले चुनाव ना केवल कार्य को रोकते है, बल्कि वैमनस्यता को भी बढ़ाते है। अगर एक साथ चुनाव होता है तो देश की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। 1989 से लेकर 2014 तक आई राजनीतिक अस्थिरता का दुखद परिणाम यह हुआ कि जो चीन हमारे से पीछे था, वो आर्थिक रूप से हमने मजबूत होकर उभर गया। 1980 में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 7.5 थी, वहीं चीन की 2.5 प्रतिशत थी, आज हम जिस स्थिति में है उसके पीछे राजनीतिक अस्थिरता के कारण दीर्घकालीन रणनीति नहीं बनना है। उन्होंने कहा कि अटल जी कहा करते थे कि लोकतंत्र में चुनाव धड़कन होता है, लेकिन यह धड़कन बार बार तेज गति से चलने लग जाए तो शरीर को नुकसान हो सकता है। इसलिए देश में एक साथ चुनाव होने से छह-छह माह में होने वाले चुनाव के कारण पड़ने वाले आर्थिक खर्चों में कमी आएगी, कार्यों को गति मिलेगी।
परिचर्चा में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। इस दौरान मंच पर जिला संयोजक रवि नैय्यर, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया संयोजक हीरेंद्र कौशिक , आईटी संयोजक अविनाश जोशी, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सौरभ सारस्वत उपस्थित रहे। इस दौरान समाज के प्रबुद्धजन, सीए, वकील, गृहणी,व्यापारी, पूर्व सैनिक सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नीलकंठ सेवा समिति बालू द्वारा कांवड़ियों के लिए शिविर का आयोजन, डीएसपी बीरभान ने किया उद्घाटन

कैथल (कृष्ण प्रजापति): सावन मास के पवित्र अवसर पर नीलकंठ सेवा समिति, बालू की ओर से कांवड़ यात्रियों के ठहराव व सेवा के लिए एक भव्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन कैथल जिले के डीएसपी बीरभान ने किया।
इस अवसर पर डीएसपी बीरभान ने कांवड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि भक्ति के इस पावन सफर में अनुशासन, शांति और संयम बनाए रखें। उन्होंने विशेष रूप से अपील की कि डीजे की ऊंची आवाज से बचें और नशा जैसे गलत रास्तों से दूर रहें, ताकि शिव भक्ति का वातावरण शांतिपूर्ण और पवित्र बना रहे। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी ने स्वयं अपने हाथों से कांवड़ियों को फल वितरित कर उनकी सेवा का सौभाग्य प्राप्त किया।
इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें रामफल शर्मा कोयल, रामगोपाल शर्मा, संपूर्ण कोयल, पूर्व सरपंच कृष्ण पूनिया, कपिल सरपंच धनौरी, गांव देवबन से पूर्व सरपंच राजेंद्र, शुगर मिल से प्रधान एवं मनोनीत पार्षद प्रतिनिधि सुरेश शर्मा, शिव कुमार देवबन व ठेकेदार कुलदीप रामगढ़ शामिल थे।
शिविर के संयोजक अरुण कुमार उर्फ जॉनी व सागर ने जानकारी देते हुए बताया कि वे पिछले कई वर्षों से लगातार कांवड़ियों की सेवा कर रहे हैं और यह शिविर इसी सेवा भावना का एक हिस्सा है।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की युवाओं को बड़ी सौगात

जयपुर, 18 जुलाई। राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में, मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को 26 हजार से अधिक पदों पर सरकारी भर्तियों की विशेष सौगात दी है। जिसके तहत गुरूवार (17 जुलाई) को एक ही दिन में विभिन्न विभागों में भर्तियों के नोटिफिकेशन जारी किए गए।
3225 प्राध्यापक, 6500 वरिष्ठ अध्यापक व 1015 उप निरीक्षक की भर्ती विज्ञप्ति जारी
इसके अन्तर्गत शिक्षा (माध्यमिक) विभाग में विभिन्न विषयों के प्राध्यापक के 3 हजार 225 पदों, वरिष्ठ अध्यापकों के 6 हजार 500 पदों पर भर्तियों की विज्ञप्तियां जारी की गई हैं। वहीं, संस्कृत शिक्षा विभाग के अध्यापक लेवल-1 एवं लेवल-2 के 2 हजार 759 पदों एवं प्रारम्भिक शिक्षा के अध्यापक लेवल-1 के 5 हजार पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही, गृह विभाग में उप निरीक्षक के 1 हजार 15 पदों पर भर्ती होगी जिसमें उप निरीक्षक (एपी) के 896, उप निरीक्षक (एपी) सहरिया के 4, उप निरीक्षक (एपी) अनुसूचित क्षेत्र के 25 एवं उप निरीक्षक (आईबी) के 26 एवं प्लाटून कमाण्डर (एसआई) के 64 पद शामिल हैं। इसी तरह गृह रक्षा विभाग में प्लाटून कमाण्डर के 84 पदों पर भी भर्ती विज्ञापन जारी किया गया हैं।
इसी तरह, कृषि विभाग में सहायक अभियंता के 281 पद एवं कृषि पर्यवेक्षक के 1100 पद और पशुपालन विभाग में पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों पर भर्ती के विज्ञापन जारी किए गए हैं।

प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल, आमजन हो रहा असुरक्षित: देवेंद्र पुजारी

कैथल (कृष्ण प्रजापति): इनेलो युवा जिला अध्यक्ष देवेंद्र पुजारी ने हरियाणा सरकार पर प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल रही है। लगातार बढ़ रही हत्या, लूट, बलात्कार और चोरी की घटनाएं इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि आम आदमी आज खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा।
इनेलो पार्टी की ओर से जारी बयान में देवेंद्र पुजारी ने कहा कि ग्रामीण हो या शहरी, हर वर्ग का नागरिक भय के माहौल में जीने को मजबूर है। हर रोज अखबारों में अपराध की खबरें सुर्खियों में होती हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन की नींद अब भी नहीं टूटी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पर राजनीतिक दबाव है, जिससे

अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आमजन को न्याय नहीं मिल रहा। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। खुलेआम घूम रहे बदमाशों से युवा, व्यापारी, और छात्र-छात्राएं तक डरे हुए हैं। देवेंद्र पुजारी ने कहा कि हरियाणा एक समय में शांतिप्रिय और कानून का पालन करने वाला राज्य माना जाता था, लेकिन आज यहां अपराधियों का राज चलता दिख रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार को तुरंत प्रभाव से पुलिस व्यवस्था को मजबूत, थानों में जवाबदेही तय और जनसुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए।
उन्होंने चेताया कि यदि हालात यूं ही बने रहे तो इनेलो युवा विंग जनांदोलन छेड़ेगा और सड़कों पर उतरकर सरकार को घेरने का काम करेगा।

गुणवत्तापूर्ण शिकायत समाधान कर अधिकतम परिवादियों को करें संतुष्ट -श्रीनिधि बीटी

जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के तीव्र निस्तारण के दिए निर्देश

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 18 जुलाई।
जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में अटल सेवा केन्द्र में किया गया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे प्रकरणों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करायें जिससे परिवादियों की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजकीय कार्यालय में शिकायत समाधान पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारी सम्पर्क पोर्टल 2.0 पर लंबित परिवादों का प्रतिदिन नियमित फॉलोअप करें। प्राथमिकता से यथासम्भव परिवादो का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक सुनिश्चित किया जाए।
जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटवाने, विद्युत कनेक्शन, राजस्व, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में परिवादी योगेन्द्र सिंह ग्राम रैवियापुरा बसेड़ी में गैर मुमकिन रास्ते पर अतिक्रमण के सम्बन्ध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने तहसीलदार बसेड़ी को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। परिवादी दयाराम मीना गुरदैयापुरा तहसील सरमथुरा में अपनी जमीन से कब्जा हटवाने के लिए परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर द्वारा तहसीलदार सरमथुरा को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।
ग्राम पंचायत झीलरा के ग्राम नगला धारकी के ग्रामवासियों द्वारा ग्राम में बनाए गए नाले पर दबंगो द्वारा अतिक्रमण का परिवाद प्रस्तुत किया गया। जिस पर जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी सैपऊ को तत्काल कार्यवाही करते हुए नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान लगभग 60 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आज दिनांक 18.07.2025 को जिला पदाधिकारी, सिवान सह-द्वितीय अपीलीय प्राधिकार द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अन्तर्गत कुल 17 मामलो की सुनवाई की गई।

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद
सिवान, 18 जुलाई 2025 शुक्रवार को
जिसमें 06 मामलों यथा (1) लिलावती देवी, पति राजेन्द्र राय, ग्राम+पो०-नदियाँव, प्रखण्ड रघुनाथपुर, (2) रीना कुमारी, पिता-कन्हैया साह, ग्राम-गोहपुर, प्रखण्ड-महाराजगंज, (3) भगवान तिवारी, वल्द- स्व० रामयश तिवारी वो मालती कुवर, जौजे-फेकू तिवारी, सा०-बावनडीह टोले बंगरा की बारी, थाना-सिसवन, (4) शकिला बानो, पिता/पति-मनौवर हुसैन, ग्राम-नयागांव,थाना /अंचल सिसवन, (5) शर्मा भारती, पिता स्व० विंदेश्वरी भारती, ग्राम-सीरसींव के मठिया, प्रखण्ड थाना/ दरौंदा एवं (6) कौशल किशोर दुबे, पिता-स्व० नथुनी दुबे, ग्राम पो०-कोथुआ सारंगपुर, थाना/ अंचल दरौंदा, जिला सिवान की सुनवाई पूर्ण करते हुए निष्पादित किया गया।
अन्य 11 मामले यथा (1) राम नाथ सिंह, पिता-चन्द्रमा प्रसाद, ग्राम सिहौता बंगरा, थाना-महाराजगंज, (2) जीतेन्द्र कुमार सिंह, पिता स्व० नथुनी सिंह, ग्राम+पो० हवीवनगर, थाना/ प्रखण्ड हुसैनगंज (3) चन्द्रभुषण शुक्ल, पिता-स्व० त्रिलोकीनाथ शुक्ल, ग्राम-नरहरपुर थाना/ अंचल लकड़ी नवीगंज, (4) संजर अंसारी, पिता-स्व० यासीन अंसारी, वार्ड सं0-13, नगर पंचायत, हसनपुरा, अंचल हसनपुरा, थाना-एम०एच० नगर, (5) मनोज कुमार, पिता सुरेन्द्र प्रसाद, ग्राम इन्दौली, वार्ड नं0-10, थाना-महाराजगंज, (6) राकेश कुमार मिश्रा, पिता-शिवजी मिश्रा, ग्राम-उसरी, पो०-तरवारा, थाना-जी०बी० नगर तरवारा, प्रखण्ड महाराजगंज, (7) जयराम साह गोंड, पिता स्व० मंगलदेव साह गोंड, ग्राम-सैचानी, थाना/अंचल रघुनाथपुर (8) बिपेन्द्र कुमार, पिता-स्व० बच्चू सिंह. ग्राम+पो०-संठी, थाना-रघुनाथपुर, अंचल रघुनाथपुर, (9) बच्चा सिंह, पिता-स्व० राम गोविन्द सिंह, ग्राम-रैनी, प्रखण्ड दरौंदा, (10) राम प्रवेश प्रसाद, पिता स्व० चतुर्गन प्रसाद, ग्राम-नरेन्द्रपुर, थाना-आन्दर, अंचल- जीरादेई एवं (11) विवेक कुमार गुप्ता, पिता श्री राजेन्द्र प्र० गुप्ता, ग्राम+पो० थाना-गुठनी, प्रखण्ड-गुठनी, जिला सिवान में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित किया गया है।

"जिला पदाधिकारी जनता के दरबार में" कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद
सिवान,18 जुलाई 2025 शुक्रवार को "जिला पदाधिकारी जनता के दरबार में" कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, सिवान डॉ आदित्य प्रकाश जिला के वरीय पदाधिकारीगणों के साथ उपस्थित रहें।
जिला पदाधिकारी ने लगभग 64 से अधिक व्यक्तियों के मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त परिवादपत्रों की जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आवेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि उप समाहर्ता सिवान सदर संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच कराने का भी जिम्मा दिया गया है।
जनता दरबार में कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद,आपसी बटवारा,अतिक्रमण,जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए।

जनता दरबार में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें।
इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है।
साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम 7 दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी/ पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे।
जनता दरबार में जमीन से संबंधित आये मामलों में डीएम ने सभी अंचलाधिकारी को कहा है कि ये आम जनता ज्यादातर गाँव के ही होते हैं और किसान होते है, इन्हें सरकारी कागजी प्रक्रिया के बारे में हर तरह से मदद करे। जरूरत पड़े तो ग्रामीणों की जो उनकी समस्या है, उसके आलोक में उन्हें आवेदन लिखवाने में मदद करें, किसी को बेवजह दौड़ना न पड़े इसका पूरा ख्याल रखें।

राजस्थान पुलिस की बड़ी पहल (मानव तस्करी पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन शुरू)

गरीबी और प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग सबसे बड़ा कारण:- "यह एक गंभीर, संगठित अपराध है":-डीजीपी मालिनी अग्रवाल

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

मानव तस्करी पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन आज जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में शुरू हुआ। यह पहल राजस्थान पुलिस मुख्यालय की सिविल राइट्स और एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग शाखा द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शों के तहत की जा रही है। सम्मेलन में मुख्य रूप से बंधुआ मजदूरी, यौन तस्करी और सीमा पार तस्करी जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी के सभी प्रमुख पहलुओं पर गहराई से विचार-विमर्श करना है। इसमें इसके बदलते स्वरूप को समझना, पीड़ितों की पहचान और बचाव के तरीकों में सुधार करना, बचे हुए लोगों के प्रभावी पुनर्वास और समाज में उनके एकीकरण को सुनिश्चित करना तथा तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई लागू करना शामिल है। सम्मेलन विभिन्न विभागों और राज्यों के बीच समन्वय को बढ़ावा देने पर भी जोर देगा। राजस्थान पुलिस का लक्ष्य है कि इस मंच के माध्यम से सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाया जाए, क्षमता निर्माण किया जाए और ज्ञान साझा किया जाए। उद्घाटन सत्र में महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स मालिनी अग्रवाल ने कहा कि मानव तस्करी एक गंभीर, संगठित और संज्ञेय अपराध है, जिसकी जड़ में अक्सर गरीबी होती है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (कछड) की 2024 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि मानव तस्करी से होने वाला वार्षिक लाभ 236 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2014 के बाद से अवैध मुनाफे में 37% की चौंकाने वाली वृद्धि है। उन्होंने इस सम्मेलन को मानव तस्करी के प्रति राज्य की प्रतिक्रिया को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।डीजी इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि तस्करी केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अक्सर छोटे कस्बों और गांवों से शुरू होती है। उन्होंने सड़कों पर भीख मांगते या सामान बेचते बच्चों को लेकर उनके जीवन स्थितियों और सुरक्षा को लेकर सवाल उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि तस्कर अब तकनीक के विशेषज्ञ हैं, इसलिए हमें भी इन अपराधों का मुकाबला करने के लिए डिजिटल उपकरणों और नवाचार का उपयोग करना होगा। एनडीआरएफ के पूर्व निदेशक सेवानिवृत्त आईपीएस डॉ. पी.एम. नायर ने अपने संबोधन में कहा कि जब हम तस्करी का अपराध देखते हैं तो हमें अपनी चुप्पी तोड़नी होगी। मानव तस्करी संगठित अपराध और बास्केट ऑफ क्राइम है। उन्होंने इस अपराध को 'अमीबा' जैसा बताया, जिसका एक टुकड़ा भी बच जाए तो पुनः बढ़ता हैं। संयुक्त सचिव, गृह विभाग मंजू विजय ने कहा कि मानव तस्करी राज्य और पूरे देश के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को मानव तस्करी की गहरी समझ विकसित करने और सभी संबंधितों को इस मुद्दे पर अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करने हेतु डिजाइन किया गया बताया।

व्यावहारिक परिणाम और 'विमुक्त' हैंडबुक

इस सम्मेलन से व्यावहारिक परिणाम सामने आने की उम्मीद है, जिसमें तस्करी को रोकने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए मजबूत रणनीतियाँ और कार्य योग्य समाधान शामिल हैं। इसके अलावा, 'विमुक्त' नामक एक हैंडबुक शनिवार 19 जुलाई को लॉन्च की जाएगी, जो मानव तस्करी से निपटने वाले सभी अधिकारियों के लिए एक संदर्भ उपकरण के रूप में काम करेगी।

मानव तस्करी पर पोस्टर जारी

सम्मेलन के पहले दिन शुक्रवार 18 जुलाई को पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों में प्रदर्शित किए जाने वाले मानव तस्करी पर एक पोस्टर भी जारी किया गया। डीजी श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ढउफइ) के 2022 के आंकड़ों से पता चलता है कि राजस्थान में 117 मानव तस्करी के मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें बचाए गए 461 पीड़ितों में से 432 जबरन बंधुआ मजदूरी के शिकार थे। राजस्थान की भौगोलिक स्थिति, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे आर्थिक रूप से समृद्ध राज्यों के साथ इसकी सीमा, इसे तस्करी पीड़ितों के लिए एक महत्वपूर्ण पारगमन और स्रोत क्षेत्र बनाती है। कमजोर आबादी, विशेष रूप से हाशिए पर पड़े समुदायों से अक्सर झूठे रोजगार के वादों के तहत फुसलाया जाता है, और फिर शोषणकारी काम की परिस्थितियों और बंधुआ मजदूरी में धकेल दिया जाता है।

जंगीर सिंह सिसला को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत, सिसला ने की पार्टी नीतियों की सराहना

कैथल (कृष्ण प्रजापति): भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष जंगीर सिंह सिसला का आज राजौंद में कार्यकताओं द्वारा फूल मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल दीक्षित, मंडल महामंत्री लोकेश राणा, पूर्व महामंत्री कमल राणा, जॉनी राणा, सोनू खुरडा, पूर्व निगरानी समिति चेयरमैन डॉ. संदीप, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष अनुराधा राणा, बलजीत, महेंद्र शर्मा, शेखर, अरुण सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकताओं ने सिसला को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी और उनके सम्मान में जलपान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन को और अधिक मजबूती देने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। इस अवसर पर जंगीर सिंह सिसला ने भाजपा की जनहितैषी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी का नेतृत्व हर वर्ग, हर क्षेत्र के लोगों की भलाई के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, मुनीष कठवाड़ और जिला प्रभारी अमरपाल राणा सहित शीर्ष नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। सिसला ने कहा कि पार्टी का विस्तार और कार्यकताओं का सम्मान ही उनकी प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर भाजपा को और अधिक सशक्त बनाएं और जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं। कार्यक्रम में उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा का विशेष माहौल देखने को मिला।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जयपुर साउथ द्वारा अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, छात्रों में जागरूकता का संचार

जयपुर, राजस्थान झ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (क्टअ) जयपुर साउथ टीम ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए छात्रों के बीच अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को अंगदान के महत्व से अवगत कराना और उन्हें इसके लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने छात्रों को अंगदान की प्रक्रिया, उससे जुड़ी भ्रांतियाँ, कानूनी प्रावधान और इसके सामाजिक महत्व की विस्तार से जानकारी दी।

राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति-2025 से गैस आधारित

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा, पानी, सड़क सहित कई क्षेत्रों में राजस्थान को अग्रणी बनाने के लिए राज्य सरकार ने अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। इन निर्णयों का उद्देश्य आमजन को बुनियादी सुविधाओं एवं सेवाओं का लाभ निर्बाध रूप से सुनिश्चित करते हुए प्रदेश को वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक ने प्रदेश में गैस आधारित अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति, 2025 का अनुमोदन किया है। इस नीति से प्रदेशभर में सुविधाजनक, विश्वसनीय, पर्यावरण-अनुकूल और लागत-प्रभावी ईंधन आपूर्ति को गति मिलेगी। उपभोक्ताओं को सुरक्षित गैस आपूर्ति भी सुनिश्चित हो सकेगी। घरेलू उपभोक्ताओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) उपलब्ध कराने के साथ ही वाहनों के लिए संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) को प्रोत्साहन देने के क्रम में यह नीति मील का पत्थर साबित होगी। वहीं, सीएनजी के विस्तार से आमजन की हरित ईंधन तक पहुंच होगी और इससे कार्बन उत्सर्जन घटेगा।

पीएनजी और सीएनजी नेटवर्क का होगा विस्तार, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

इस नीति में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं जिससे पीएनजी एवं सीएनजी नेटवर्क का छोटे शहरों और नगरों में तेजी से विस्तार हो सकेगा। इससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही, पाइपलाइन निर्माण से लेकर गैस आपूर्ति तक कई स्तरों पर रोजगार सृजन में वृद्धि होना अपेक्षित है, जिससे गैस आधारित उद्योगों पर निर्भर औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र भी मजबूत होगा। इस प्रकार यह नीति स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देगी। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जो गैस आधारित अर्थव्यवस्था का संकल्प लिया है उसे साकार करने में यह नीति अहम भूमिका निभाएगी।

निरामय राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण कदम

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से लाखों महिलाओं के जीवन में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्हें धुएं से भरी रसोई से निजात मिली है और उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति, 2025 भी सीएनजी की आमजन तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित करते हुए निरामय राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में भी प्रभावी रूप से कार्य करेगी।

परिवहन में सीएनजी के व्यापक उपयोग से प्रदूषण के स्तर में उल्लेखनीय कमी आएगी और नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। साथ ही, नीति के अंतर्गत प्राकृतिक गैस के उपयोग में विस्तार से भी पर्यावरण लक्ष्यों की प्राप्ति हो सकेगी।

सरल प्रक्रिया से कंपनियों को मिलेंगी विभिन्न अनुमतियां

यह नीति ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को भी प्रोत्साहित करती है। इसके अंतर्गत डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लिए अनुमति, भूमि आवंटन एवं अनुमोदन की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सरल बनाया गया है। नीति के क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। वहीं, राज्य स्तर पर निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, स्थानीय निकायों से संबंधित प्रकरणों हेतु नोडल अधिकारी भी होगें। प्रत्येक जिले में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट सिटी गैस कमेटी (डीसीजीसी) भी गठित होगी। साथ ही, सीजीडी पोर्टल भी विकसित किया जाएगा। यह नीति 31 मार्च 2029 तक अथवा अन्य नीति लागू होने तक प्रभावी रहेगी। उल्लेखनीय है कि राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट, 2024 में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनियों द्वारा राजस्थान सरकार के साथ 8 हजार 740 करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू हस्ताक्षरित किए गए थे। इस नीति से इन एमओयू का क्रियान्वयन अधिक तेजी से हो सकेगा।

अर्थी भी नहीं निकल पा रही: झोटवाड़ा की आसलपुर खातलियों की ढाणी में जलभराव से बिगड़े हालात

अजय सिंह (चिंटू)
जोबनेर -

झोटवाड़ा विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत आसलपुर की खातलियों की ढाणी, वार्ड नंबर 13, आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इस क्षेत्र में न तो पक्की सड़क है और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था। हालात इतने खराब हैं कि बरसात के दिनों में क्षेत्र पूरी तरह जलमग्न हो जाता है। लोगों को अंतिम संस्कार जैसे जरूरी कार्यों में भी जलभराव से होकर गुजरना पड़ रहा है। अर्थी तक की राह मुश्किल हो चुकी है, जो अत्यंत दुखद और निंदनीय है। यह आम रास्ता आसलपुर पंचायत को बोबास पंचायत और जयपुर से जोड़ता है, लेकिन स्थिति यह है कि प्रशासनिक अनदेखी और पंचायत स्तर पर लापरवाही के चलते रास्ता कीचड़ और पानी से लबालब भरा रहता है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर खुद कहते हैं कि हर पंचायत को साफ-सफाई के लिए ?1 लाख प्रतिवर्ष दिए जाते हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि खातलियों की ढाणी में वो धनराशि कहां खर्च हो रही है? क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं ने मंत्रीजी से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इस मूलभूत समस्या का समाधान किया जाए। जनता को आपसे अपेक्षा है कि वर्षों से उपेक्षित इस क्षेत्र की सुध जरूर ली जाएगी।

पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने अल्बर्ट हॉल, हवामहल और

जयपुर, 18 जुलाई। प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति, पुरातत्व एवं संग्रहालय श्री राजेश यादव ने शुक्रवार को जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थल अल्बर्ट हॉल, हवामहल और जन्तर मन्तर का निरीक्षण किया। इस दौरान पर्यटन आयुक्त श्रीमती रूकमणी रियाड़, पुरातत्व एवं संग्रहलय निदेशक श्री पंकज धरेन्द्र,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण श्री प्रतिभा डोटासरा, अतिरिक्त निदेशक (विकास), पर्यटन श्री आनंद त्रिपाठी उपस्थित रहे।

प्रमुख शासन सचिव ने अल्बर्ट हॉल का निरीक्षण कर कहा कि राजस्थान की शानदार कला, संस्कृति और ऐतिहासिक महत्व की पुरा कलाकृतियों एवं वस्तुओं का आधुनिक रूप से संरक्षण कार्य किया जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अल्बर्ट हॉल संग्रहालय एवं उसके स्टोर में रखी लगभग 18 हजार पुरा कलाकृतियों और सामग्री का जीवंत प्रदर्शन करने उपायों पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय की समस्त दीर्घाओं में लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित करवाये जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संग्राहलय को भव्य रूप से पुन ?र्जीवित करने के निर्देश दिए।

श्री यादव ने संग्रहालय की महत्वपूर्ण कलाकृतियों का गहनता से अवलोकन करते हुए उनके संरक्षण और उनके प्रदर्शन की भव्यता बढ़ाने के कई सुझाव दिए। उन्होंने अल्बर्ट हॉल के तहखाने, स्टोर का निरीक्षण किया और वहां पुरानी पेटिंग्स, अस्त्र शस्त्र, औजार, मूर्तियों, पुराने बर्तन और कला कृतियों के किये जा रहे ?रेस्टोरेशन और रेजुवेनेशन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने आई.जी.एन.सी.ए., नई दिल्ली की टीम द्वारा किए जा रहे इस सम्बंध में किए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्य के पश्चात स्टोर में सुरक्षित रखी हुई कला-पुरासामग्री को डिस्पले के रूप में प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण के अभियन्ता को कला-पुरा सामग्री के द्वितीय चरण के संरक्षण कार्य हेतु निर्देश प्रदान किए।

प्रमुख शासन सचिव ने अल्बर्ट हॉल के संग्राहलय में राईटअप इन्फॉर्मेशन क्यू आर कोड पुनः अपडेट करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां प्रदर्शित कला कृतियों और पुरा महत्व की वस्तुओं की रोचक जानकारी के साथ राईटअप इन्फॉर्मेशन क्यू आर कोड पुनः अपडेट करने के निर्देश प्रदान किए।

संसदीय कार्य मंत्री ने जोधपुर में दुन्दाड़ा ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

जयपुर,18 जुलाई। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर की ग्राम पंचायत दुन्दाड़ा (लूणी) के पंचायत भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और राजस्थान की मरू गंगा लूणी नदी के बहाव क्षेत्र का अवलोकन किया।

वृद्धजन पेंशन के शत- प्रतिशत सत्यापन के दिए निर्देश -

संसदीय कार्य मंत्री ने ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी से पंचायत की वित्तीय स्थिति, मनरेगा योजना के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा पीएम आवास सर्वे में कोई भी पात्र वंचित नहीं रहना चाहिए।

श्री पटेल ने अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सीवरेज लाइन की मरम्मत करवाने, राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज आम रास्तों को खुलवाने, मनरेगा के तहत चारागाह विकास कार्य स्वीकृत करने और वृद्धजन पेंशन का शत प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं -

संसदीय कार्य मंत्री ने पंचायत परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा मानसून का समय पौधारोपण के लिए उपयुक्त होता है, सभी ग्रामवासी अधिकाधिक पौधे लगाकर वातावरण को हरा-भरा बनाने में योगदान दें। श्री पटेल ने कहा प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण मिल सके।

इस दौरान श्री पटेल ने नवगठित उप तहसील कार्यालय दुन्दाड़ा के लिए भवन का निरीक्षण किया और तहसीलदार लूणी को भवन की मरम्मत एवं परिसर की सफाई करवाकर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।

आईपीडी बढ़ाने एवं सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश -

श्री पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुन्दाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान दवा के स्टॉक की जांच में अंतर पाया गया और अस्पताल परिसर में अव्यवस्थाएं मिली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जोधपुर को दूरभाष पर क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने, नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री पटेल ने सीएचसी प्रभारी को आईपीडी बढ़ाने एवं सीएचसी में बेहतर प्रसव सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान एक्स-रे रूम, डॉटस रूम, एनसीडी कक्ष, ऑपरेशन थियेटर,जनरल ओपीडी, इंजेक्शन एवं ड्रेसिंग कक्ष, पुरूष वार्ड,महिला वार्ड, टीकाकरण कक्ष, सर्जिकल ओपीडी,

पंजीकरण रजिस्टर, दवाओं के स्टॉक एवं उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

थलकलां - लाइट की फाइल मे फैला जातिवाद का करंट.... प्रशासक ने कहा तुम नीची जाति के लोगो की क्या औकात,तुमने मुझे वोट नही दिया,मारपीट कर दी जातिगत गालियां

सुरज वर्मा

काछोला तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत थलकलां के प्रशासक धर्मचंद संचेती और बेटे पोते ने भांड का खेडा गाँव के बैरवा समाज के पप्पू लाल बैरवा पिता छोटु बैरवा और पत्नी लीला देवी के साथ मारपीट और जातिगत गाली गलौज का मामला सामने आया है ! पीड़ित परिवार ने प्रकरण काछोला थाने मे प्रशासक बेटे के खिलाफ मारपीट और जाति सूचक गाली गलौज करने पर प्रकरण दर्ज करवाया है !

पीड़ित पप्पू लाल बैरवा ने बताया कि 17 जुलाई शाम को थलकलां ग्राम पंचायत प्रशासक धर्मचंद संचेती के घर पर मैं अपनी पत्नी के साथ घर पर घरेलू विधुत कनेक्शन की फाइल पर हस्ताक्षर करवाने के लिए गया तब मुझे घर पर अंदर बुलाकर धर्मचंद ने जैसे ही फाइल मे मेरी जाति को देखा तो आग बबूला हो गया और अचानक कहने लगा कि तुम चमारों की फाइल पर मै हस्ताक्षर नही करूँगा,तुमने मुझे वोट नही दिया,नीची जाति के लोगों की हिम्मत कैसे हुई मेरे घर पर आने की इतने में धर्मचंद का बेटा मनोज आया और उसने मुझे पकड़ कर नीचे पटक दिया और मेरी पत्नी बीच बचाव में आई तो उसकी लूगड़ी खिंच कर बोला कि दरवाजा बंद करो ,चमारों की इतनी हिम्मत कैसे हो गयी कि हमारे घर पर आएंगे ,और फाइल पर हस्ताक्षर करवाईयेंगे, नीचे पड़े पति को मारपीट होते देख पत्नी ने दरवाजा खोल कर पति को बाहर ले आई !लीला देवी ने कहा कि धर्मचंद मनोज और उसके पोते ने दोनो पति पत्नी को सार्वजनिक रूप से जातिसूचक गाली गलौच किया,और तुमने वोट मुझे नही दिया और तुम नीची जाति के मेरे घर पर कैसे आ गए आदि के साथ मेरी लज्जा भंग करने की कोशिश की !उक्त मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष दुर्गा लाल बैरवा ने साफ चेतावनी दी है कि बैरवा समाज अपने सम्मान और अस्तित्व की रक्षा करना जानता है और थलकलां प्रशासक के द्वारा किया गया कृत्य अमानवीय और दुर्भाग्यपूर्ण और जातिवादी मानसिकता को दिखाता है ! पीड़ित परिवार ने प्रशासन को लिखित में शिकायत दर्ज कराई है अगर काछोला थाना पुलिस एफआईआर दर्ज नही करती है और मामले पर लीपापोती करती है तो मांडलगढ़ सहित जिले की भीम आर्मी टीम काछोला थाने का घेराव करेगी और भीम आर्मी की मांग है कि दोषी प्रशासक को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए,पीड़ित के सम्मान को ठेश पहुचाने के कारण मानहानि का केस दर्ज हो और संवैधानिक पद का दुरूपयोग कर करने और परिवार को सुरक्षा और आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और बेटे सहित अन्य को गिरफ्तार किया जाए !

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुई दिशा समिति की बैठक, विकास कार्यो को लेकर दिए दिशा निर्देश

सुरज वर्मा

शाहपुरा कलेक्ट्रेट सभागार जयपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति जयपुर "दिशा समिति" की बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की एवं जमीनी स्तर पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समयबद्ध और पारदर्शी रूप से जमीन पर उतरें, यही हमारा निरंतर प्रयास है। बैठक में जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्र पाल मीणा, हवामहल विधायक स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, शाहपुरा विधायक मनीष यादव, चौमूं विधायक शिखा मील, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस अवसर पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने एनएचएआई के पी.डी.- अजय आर्य एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के ए.सी.- आर.के. सिंह को सड़ ?को की दुर्दशा को लेकर लताड़ पिलाई। उन्होंने कहा की शाहपुरा विधानसभा की एक भी एम.डी.आर. सडक पूरी नहीं बनी है।

राजस्थान पुलिस में पदोन्नति का बड़ा अवसर

605 पुलिस निरीक्षकों की पदोन्नति के लिए आवेदन आमंत्रित

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा में कार्यरत उप निरीक्षकों के लिए एक बड़ा अवसर सामने आया है। पुलिस मुख्यालय भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के आईजी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस निरीक्षक (अढ/उढ) के 605 रिक्त पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरने के लिए योग्यात्मक परीक्षा वर्ष 2022-23 का आयोजन किया जा रहा है। इन पदों में अनुसूचित जाति के लिए 95, अनुसूचित जनजाति के लिए 66 और सामान्य वर्ग के लिए 444 पद शामिल हैं।

भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत

देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 18 जुलाई।

भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम भरोसी एससी का जयपुर से धौलपुर आते समय जयपुर-आगरा रोड पर किया स्वागत किया गया।

एवं भारतीय मजदूर संघ ने पर्यावरण के बारे में भी बात की।

इस मौके पर राम भरोसी ने कहा कि सभी को पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैं अपने जिले धौलपुर में सभी जगह अधिक से अधिक वृक्ष लगवा के पर्यावरण का ध्यानरखूंगा।

इस मौके पर मालीराम स्वामी, कप्तान सिंह,लक्ष्मण सिंह, गोपेश कुमार,रवि कुमार प्रशांत सिंह आदि उपस्थित थे।

...कृषि विभाग ने 7 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए

देश का दर्पण.. दैनिक अखबार पत्रकार..राकेश कोठेनिया हलेना

भरतपुर.. जिले में कृषि विभाग ने दो दिन के विशेष निरीक्षण अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 7 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए है। आज विभाग ने ओवररेट और मानक में कमी की शिकायतों पर बयाना और वैर में तीन दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। संयुक्त निदेशक सुरेश चंद गुप्ता ने बताया कि बयाना के बरखेड़ा गांव में सिंघल खाद बीज भंडार और भगोरी गांव में सुंदर खाद बीज भंडार पर बोगस ग्राहक भेजे गए थे। दोनों दुकानदार तय मूल्य से अधिक दाम पर उर्वरक बेचते पाए गए। वहीं वैर उपखंड के हतिजर गांव में अशोक खाद बीज भंडार के कीटनाशकों में गुणवत्ता की कमी पाई गई। जवाब तलब करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, जिसके बाद लाइसेंस रद्द कर दिया गया। जिलेभर में कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए अभियान जारी रहेगा।

जीवन शैली परिवर्तन हेतु आहार विहार के लिए प्रेरित करने को निर्देशित कराने को लेकर मासिक बैठक सम्पन्न

सुरज वर्मा

भीलवाडा ज़िले के बनेड़ा तहसील के प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदारनगर डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय में प्रस्तावित मासिक मीटिंग में आशा, एनम और आयुर्वेद नर्स को ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की उच्च रक्त चाप,शुगर और कैंसर की स्क्रीनिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को औषधालय में प्रकृति परीक्षण करवाने के लिए और जीवन शैली परिवर्तन हेतु आहार विहार के लिए प्रेरित करने को निर्देशित किया गया।इस मासिक बैठक में आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा, एनम आशा सेन,आशा पुष्पा देवी,मनु जीनगर,सीता माली,राम प्यारी गाडरी उपस्थित रही।

एक करोड़ बीस लाख रुपये पीड़ित आश्रितों को भुगतान

देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से

अनु०जाति एवं अनु० जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत वैशाली जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक श्रीमती वर्षा सिंह, जिला पदाधिकारी, वैशाली की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । जिसमें वर्ष 2025 में आज तक कुल 147 दर्ज कान्ड़ो के प्रथम किस्त का भुगतान किया गया एवं 20 कान्ड़ो का द्वितीय किस्त का भुगतान किया गया कवर्ष 2025 में 12000000/- (कुल एक करोड बीस लाख रुपया) का पीडितो/आश्रित को मुआबजा राशी का भुगतान किया गया कबैठक में बिधायक राजापाकर, श्रीमती प्रतिमा कुमारी, उप विकास आयुक्त, वैशाली, जिला कल्याण पदाधिकारी, वैशाली, नोडल पदाधिकारी अत्याचार निवारण, वैशाली समिति के सदस्य सुरेन्द्र पासवान, श राम लगन राम, शिवानी कान्त, गणेश राय, श्री धर्मेन्द्र कुमार, श्री धनञ्जय कुमार, विशेष लोक अभियोजक राम नाथ राम एवं सांसद प्रतिनिधि राम इकबाल सिंह उपस्थित थे कउक्त बैठक में जिला पदाधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया की जो लोग मुआवजा राशि लेने से इंकार किये। उसके जाँच जिला कल्याण पदाधिकारी, वैशाली स्वयं अपने स्तर से करेंगे कअत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत राशि की कमी को देखते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी, वैशाली को निदेश दिया गया की अत्याचार निवारण अधिनियम हेतु राशि की मांग करेक

राजस्थान बाघ संरक्षण फाउंडेशन की बैठक आयोजित

जयपुर, 18 जुलाई। राज्य में बाघों के संरक्षण एवं टाइगर रिजर्व्स की प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित राजस्थान बाघ संरक्षण फाउंडेशन के शासी निकाय की तृतीय बैठक शुक्रवार को अरण्य भवन में वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रणथम्भौर, सरिस्का, रामगढ़ विषधारी, धौलपुर एवं मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में बाघों की वर्तमान संख्या, उनके मूवमेंट पैटर्न, मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति, निगरानी व्यवस्था में तकनीकी संसाधनों का उपयोग तथा बाघ संरक्षण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं और भावी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री संजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जैव विविधता संरक्षण एवं बाघों की सुरक्षा को लेकर कटिबद्ध है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीवी, ड्रोन सर्विलांस एवं ई-गश्त प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाते हुए टाइगर रिजर्व की निगरानी को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रात्रि प्रवास, संवाद कार्यक्रमों एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से स्थानीय समुदायों को टाइगर रिजर्व के नियमों और बाघ संरक्षण के महत्व से अवगत कराया जाए।

पर्यटक सुविधाएं एवं ई-गवर्नेंस पर जोर–

श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि अभयारण्यों में आने वाले पर्यटकों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं, स्वच्छता और रखरखाव की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, विभाग की वेबसाइट को अधिक आकर्षक और यूजर फ्रेंडली बनाया जाए ताकि पर्यटकों को टिकट बुकिंग एवं अन्य सेवाएं पारदर्शी और सहज रूप से प्राप्त हो सकें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं वन्यजीवों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निःशुल्क भ्रमण कार्यक्रमों की व्यवस्था की जाए। साथ ही, अभयारण्यों से जुड़ी सड़कों की मरम्मत एवं चौड़ाईकरण कार्यों को भी नियमानुसार शीघ्र पूर्ण किया जाएं। बैठक में बताया गया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए बाड़बंदी, शीघ्र मुआवजा वितरण एवं स्थानीय समुदायों के साथ समन्वय जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। वन विभाग के कार्मिकों एवं टाइगर रिजर्व से सटे क्षेत्रों के स्थानीय निवासियों के लिए जीवन बीमा भी करवाया जा रहा है। इस दौरान अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में एक करोड़ रुपये लागत के पेट्रोलिंग वाहन एवं एंटी-पोचिंग कैंप के लिए किए गए एमओयू का अनुमोदन किया गया।

कृषक खेती में नवीन तकनीकों का ज्यादा से ज्यादा करें उपयोग–कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री

जयपुर, 18 जुलाई। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने पारंपरिक कृषि से आगे बढ़ाकर उत्पादकता और कृषकों की आय बढ़ाने के लिए नवीन कृषि पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने पारंपरिक और जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा कि कृषक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम से कम करें, इसके लिए विभागीय अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों को ज्यादा से ज्यादा जागृत करें।

डॉ. किरोडी लाल मीणा ने शुक्रवार को पंत कृषि भवन में विभागीय अधिकारियों और कंपनियों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में कृषि विकास, मृदा की स्थिति, कृषि में एआई का उपयोग, कृषि यंत्रीकरण और बायोफर्टिलाइजर व पेस्टिसाइट के उपयोग पर कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। डॉ. किरोडीलाल ने बताया कि एआई का उपयोग कर किसान बेहतर तरीके से फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग का पता लगाना, मौसम का पुवार्नुमान आदि का समय से ही पता लगा सकते हैं। एआई द्वारा फसलों के रोगों की समय पर पहचान कर किसान उचित कीटनाशकों व उर्वरकों का उपयोग कर फसल में होने वाले नुकसान से बच सकते हैं। बैठक में बताया कि मृदा पौधों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करती है। कृषि, वनस्पति एव जैव विविधता के लिए मृदा की गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और बार-बार एक ही फसल उगाने से मृदा की उर्वरकता घट जाती है। मृदा की स्थिति सुधारने के लिए रासायनिक उर्वरकों की जगह किसानों को गोबर खाद, कंपोस्ट एवं वमीर्कंपोस्ट का उपयोग करना चाहिए।

बायोफर्टिलाइजर ऐसे जीवित सूक्ष्म जीव होते हैं जो पौधों को आवश्यक तत्व प्रदान करते हैं ये मिट्टी में मौजूदा पोषक तत्वों को घुलनशील रूप में परिवर्तित कर पौधों की जड़ों तक पहुचाते हैं। बायोफर्टिलाइजर द्वारा मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होती है। उपग्रह छवियों के साथ फसल मुल्यांकन प्रणाली आधुनिक कृषि क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव ला रहा है। उपग्रह इमेज का उपयोग करके किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों को फसलों के स्वास्थ्य, विकास एवं उपज का मुल्यांकन करने में मदद मिलती है। यह प्रणाली वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करती है, जिससे किसानों को समय पर निर्णय लेने और संसाधनों को प्रभावि ढंग से उपयोग करने में मदद मिलती है। बैठक में शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी श्री राजन विशाल, आयुक्त कृषि एवं उद्यानिकी सुश्री चिन्मयी गोपाल, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) श्री एस एस शेखावत, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) श्री टी के जोषी, अतिरिक्त निदेशक उद्यान श्री हिरेंद्र कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक कृषि (अनुसंधान) श्री अजय कुमार पचौरी सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एवं कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

153 मास्टर ट्रेनर्स को दिया विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु प्रशिक्षण

जयपुर, 18 जुलाई। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य चुनाव अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर के सभागार में आयोजित हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी ने उद्घाटन सत्र में बताया की बिहार की तर्ज पर जल्द ही भारत निर्वाचन आयोग ने संपूर्ण राष्ट्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 2002 में मतदाता सूचियों के रिवीजन का कार्य हुआ था। उन्होंने बताया कि राजस्थान में भी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूचियों के शोधन का कार्य करेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके लिए 16 व 18 जुलाई को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अब तक राज्य के 41 जिलों के 153 मास्टर ट्रेनर्स को विस्तृत प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता में अभिवृद्धिकरण का कार्य किया जा चुका है ताकि वे उनके जिलों में जाकर वहां के अन्य मास्टर टेनर्स, बीएलओ और सुपरवाइजर को उक्त कार्य हेतु प्रशिक्षित कर सकें।

उन्होंने बताया कि इनके द्वारा प्रशिक्षित बीएलओ राजस्थान के 5 करोड़ 75 लाख मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर गणना प्रारूप भरवाकर मतदाता सूची के शोधन का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय राजस्थान द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निदेर्शों व जानकारियों से अपने आप को अपडेट रखने व सभी प्रकार के अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफ ए क्यू) की जानकारी रखने के लिए कहा है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रौनक बैरागी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) में बीएलओ की भूमि। के बारे में प्रथम सत्र लिया। उप मुख्य वैधानिक प्रावधान और बीएलओ की नियुक्ति के सम्बन्ध में द्वितीस सत्र लिया।

श्री देवनानी ने सीए स्टूडेंट टैलेंट सर्च ग्रैंड फिनाले का किया शुभारंभ– देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है चार्टर्ड अकाउंटेंट, प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र हित में हो - श्री देवनानी

जयपुर, 18 जुलाई। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा है कि चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ही होते है। जीएसटी आने के बाद उद्योगपति समूह में सीए की आवश्यकता प्रतिपादित हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सुदृढ़ आर्थिक नीतियों के कारण भारत विश्व में आर्थिक शक्ति के रूप में चौथे नंबर आ गया है। निकट भविष्य में भारत विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा।

श्री देवनानी का मानना था कि जब देश के सभी सीए मिलकर नेशन फर्स्ट की भावना के साथ कार्य करेंगे तो 2040 तक विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत का पहला स्थान होगा। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जयपुर में पहली बार हो रहे सीए स्टूडेंट टैलेंट सर्च ग्रैंड फिनाले-2025 "समर्थ" का दीप प्रज्जवलित कर शुभांरभ किया। समारोह में श्री देवनानी का सीए एसोसिएशन द्वारा दुपट्टा पहनाकर, स्मृति चिन्ह और पौधा भेट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री देवनानी ने देश के विभिन्न भागों से आये सीए को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा को मंच मिलना ही भविष्य निर्माण की पहली सीढ़ी है। सीए जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का यह संगम निश्चित ही प्रेरणादायी है। संख्या और संस्कृति जब मिलती हैं, तब व्यक्तित्व संपूर्ण बनता है। प्रतिभा केवल अंकपत्रों में नहीं होती, वह आत्मा की भाषा होती है। इस मंच से निकलने वाली युवा प्रतिभाओं की ऊर्जा भविष्य के भारत को नया आकार देगी।

श्री देवनानी ने कहा कि उनका जीवन का अधिकांश समय विद्यार्थियों के साथ निकला है। उनके मन में भी सीए बनने की चाहत थी। देशभर से आये सीए विद्यार्थियों का श्री देवनानी ने गुलाबी नगर जयपुर में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सीए अपनी प्रतिभा का उपयोग राष्ट्रहित में करें। जैसा चल रहा है, वैसा ही चलता रहेगा ऐसी सोच वाली प्रवृति ठीक नहीं है। सभी आगे बढ़े, तरीके से आगे बढ़े, मिलकर आगे बढ़े और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रहित में अपनी प्रतिभा का उपयोग करें।

आरपीएससी :- वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2024 का विस्तृत कार्यक्रम जारी

जयपुर, 18 जुलाई। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा, 2024 (माध्यमिक शिक्षा विभाग) का विषयवार विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं 7 सितंबर से शुरू होकर 12 सितंबर 2025 तक चलेंगी ।

आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा के सुगम संचालन के दृष्टिगत 8 विषयों को 4 ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में सामाजिक विज्ञान, ग्रुप-बी मे हिंदी, गुप-सी में विज्ञान, संस्कृत एवं उर्दू तथा ग्रुप-डी के अन्तर्गत गणित, अंग्रेजी एवं पंजाबी **विषयों की परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।**

परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम निम्नानुसार हैः-

ग्रुप-एः 7 सितंबर 2025 को प्रातः 10 से 12 बजे तक सामान्य ज्ञान तथा दोपहर 3 से 5.30 बजे तक सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

ग्रुप- बीः 8 सितंबर 2025 को प्रातः 10 से 12 बजे तक सामान्य ज्ञान तथा दोपहर 3 से 5.30 बजे तक हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

ग्रुप- सीः 9 सितंबर 2025 को प्रातः 10 से 12 बजे तक सामान्य ज्ञान तथा दोपहर 3 से 5.30 बजे तक विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 10 सितंबर 2025 को प्रातः 10 से 12.30 बजे तक संस्कृत एवं 3 से 5.30 बजे तक उर्दू विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

ग्रुपह्यडीः- 11 सितंबर 2025 को प्रातः 10 से 12 बजे तक सामान्य ज्ञान तथा दोपहर 3 से 5.30 बजे तक गणित विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 12 सितंबर 2025 को प्रातः 10 से 12.30 बजे तक अंग्रेजी एवं 3 से 5.30 बजे तक पंजाबी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

8 विषयों के कुल 2129 पद

आयोग द्वारा 11 दिसंबर 2024 को माध्यमिक शिक्षा विभाग में 8 विषयों हेतु वरिष्ठ अध्यापक के कुल 2129 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। विषयवार पद विवरण निम्नानुसार हैः-

भाजपा की मीडिया कार्यशाला 18 को, सुधांशु का मिलेगा मार्गदर्शन

जयपुर, 17 जुलाई 2025। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया जाएगा। सुबह 11 बजे से शुरू हो रही कार्यशाला को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी और राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं, मीडिया पैनलिस्टों, संभाग एवं जिला मीडिया संयोजकों को आमंत्रित किया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुधांशु त्रिवेदी पार्टी की विचारधारा, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की रणनीति पर मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश स्तरीय मीडिया प्रतिनिधियों को संवाद के प्रभावशाली तरीकों से प्रशिक्षित करना है ताकि वे मीडिया के माध्यम से जनसम्पर्क को और अधिक सशक्त बना सकें। इस दौरान प्रवक्ताओं और संयोजकों से संवाद कर उनकी भूमिका और अनुभवों को भी साझा किया जाएगा। इस दौरान कार्यशाला में बताया ?जाएगा कि मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का कैसे प्रभावशाली उपयोग कर पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। इसके साथ ही कार्यशाला में जिलेवार मीडिया संयोजकों से क्षेत्रीय अनुभवों पर चर्चा कर भविष्य की कार्ययोजना भी तय की जाएगी।

भाजपा की यह कार्यशाला संगठन को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने बताया कि दोपहर 4.00 बजे डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्न विषय पर विशेष कार्यशाला को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यशाला में समाज के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रहेगी। इस सत्र में डॉ. त्रिवेदी ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्न के संवैधानिक, प्रशासनिक और सामाजिक पक्षों पर विस्तार से चर्चा करेंगे और इसके दीर्घकालिक लाभों पर प्रकाश डालेंगे। इस विषय को लेकर जनता और बुद्धिजीवी वर्ग के बीच संवाद स्थापित करना भाजपा के विचार-प्रसार का एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा की ये दोनों कार्यशालाएं संगठनात्मक मजबूती और नीति संवाद के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण रहेंगी।

हार्वेस्ट कंपनी की डिजिटल करेंसी "एचवीटी" कॉइन ग्लोबल प्लेटफॉर्म एल बैंक पर हुआ लिस्टेड।

राजस्थान निवासी एवं यंग एंटरप्रेन्योर प्रिंस सैनी ने एक बार फिर से प्रदेश का मान बढ़ाया है। उनके द्वारा चलाई जा रही हार्वेस्ट कंपनी एवं उसकी डिजिटल करेंसी को एक ग्लोबल पहचान मिली है। हार्वेस्ट कंपनी का डिजिटल कॉइन "एचवीटी" ग्लोबल सेल परचेज प्लेटफॉर्म एल बैंक पर लिस्ट हो चुका है और अब यह करेंसी ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर आम जनता के लिए खरीद फरोख्त के लिए मौजूद है। हार्वेस्ट के फाउंडर डायरेक्टर प्रिंस सैनी ने बताया कि मैं और मेरी टीम लम्बे समय से इस प्रोजेक्ट पर लगे

हुए थे। बहुत लंबे इंतजार के बाद हमारा डिजिटल कॉइन "एचवीटी" दुनिया के एल बैंक एक्सचेंज पर लिस्ट हो गया है। इस सफलता से मुझे मेरी टीम पर गर्व है और राजस्थान के युवाओं मे खुशी की लहर है। हार्वेस्ट कम्पनी के एचवीटी कॉइन लिस्टिंग के उपलक्ष्य मे राजस्थान के भोपालगढ़, जोधपुर, पाली, जैतारण, बर, ब्यावर, जयपुर एवं अन्य जगहों पर युवाओ ने पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की और प्रिंस सैनी को बधाई दी।

स्वयंसिद्धा राखी एवं तीज प्रदर्शनी - महिला उद्यमिता और परम्परा का सुन्दर संगम

जयपुर मे लघु उद्योग भारती महिला इकाई जगतपुरा द्वारा "स्वयंसिद्धा राखी एवं तीज प्रदर्शनी" का भव्य आयोजन 19 एवं 20 जुलाई को अक्षरधाम खंडेलवाल हॉल, अक्षय पात्र मंदिर के सामने, जगतपुरा, जयपुर में किया जा रहा यह प्रदर्शनी न केवल महिला सशक्तिकरण को समर्पित है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और "वोकल फॉर लोकल" जैसे अभियानों को भी प्रोत्साहित करती है। इसमें राजस्थान की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प, राखियाँ, तीज की साज-सज्जा, परिधान, आभूषण एवं घरेलू उत्पाद महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे।

कार्यक्रम में की मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम की महापौर सौम्या गुरूजर होंगी इस प्रदर्शनी का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनकी प्रतिभा को एक मंच देना तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

जयपुर में म.प्र. टूरिज्म बोर्ड के रोड शो का सफलतापूर्वक समापन

पर्यटन व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स, होटल इंडस्ट्री के हितधारक, फिल्म निमार्ता और इंफ्लुएंसर्स हुए शामिल

जयपुर, मे मध्य प्रदेश और राजस्थान के पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने तथा मध्य प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा शुक्रवार, 18 जुलाई को जयपुर के जय महल होटल में रोड शो का आयोजन किया गया। यह रोड शो मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट (अक्टूबर 2025) और रीवा (26 एवं 27 जुलाई 2025), ग्वालियर (अगस्त 2025) एवं इंदौर (सितंबर 2025) में होने वाले रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव की पूर्व तैयारियों के दृष्टिगत आयोजित किया गया। इस रोड शो में फिल्म निमार्ता एवं इंफ्लुएंसर्स भी प्रमुखता से सम्मिलित हुए अपर प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने कहा कि "मध्य प्रदेश को 'हिंदुस्तान के दिल' के रूप में जाना जाता है, और यह उपाधि केवल भौगोलिक दृष्टि से नहीं, बल्कि इसकी सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहरों, समृद्ध प्रकृति और हृदय से किए गए अतुलनीय आतिथ्य सत्कार के कारण भी है। मध्य प्रदेश ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है, यहां पर्यटकों के लिए वह सब कुछ उपलब्ध है, जो उनका दिल चाहता है। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड का उद्देश्य प्रदेश के अनछुए पहलुओं को देश और दुनिया के सामने लाना है।

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-द्वितीय (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 आयोग ने जारी की सफल अभ्यर्थियों की मुख्य सूची

जयपुर, 18 जुलाई। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-द्वितीय (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन उपरांत मुख्य सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षांतर्गत 8 अप्रेल 2025 को जारी विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य संबंधित विभाग द्वारा किया गया। पात्रता जांच उपरांत विज्ञापित पदों के विरुद्ध 274 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

सहायक अभियंता (कार्मिक क-4/2 विभाग) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024

22 से 28 जुलाई तक ऑनलाईन किए जा सकेंगे संशोधन

जयपुर, 18 जुलाई। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता (कार्मिक क-4/2 विभाग) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 में अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन करने का अवसर दिया गया है। ऑनलाइन संशोधन 22 से 28 जुलाई 2025 तक किए जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती अंतर्गत सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल एवं कृषि अभियांत्रिकी के पदों हेतु परीक्षा का आयोजन 28 सितंबर 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों अनुसार ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों को दिया गया है। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूवार्नुसार ही रहेंगी। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

ऑनलाइन संशोधन के लिए शुल्क व प्रक्रिया–

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी को ई-मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से रू. 500/- का शुल्क जमा कराना होगा। आयोग के ऑनलाइन पोर्टल ॅ३३स्त्र२://१स्त्र२.१ं२३ँल्ल.ॅड्ढ५.ल्ल पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाइन संशोधन किया जा सकेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर १ू१४ें्ल्ल३ें'स्त्रींर'@१ं२३ँल्ल.ॅड्ढ५.ल्ल पर ई-मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

वांछित अहर्ता न होने पर भी आवेदन करने वाले अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन विथड्रॉ–

असत्य एवं गलत सूचना के आधार पर आवेदन करना तथा अहर्ता न होने पर भी उसे विथड्रॉ नहीं करना भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के तहत दंडनीय अपराध है। ऐसे अभ्यर्थी को कालांतर में काउंसलिंग/पात्रता जांच/ साक्षात्कार के दौरान अपात्र पाए जाने पर आगामी 1 वर्ष की अवधि के लिए भर्ती परीक्षाओं से डिबार भी किया जाएगा।

अतः ऐसे अभ्यर्थी भी उक्त अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन आवेदन विथड्रॉ कर सकते हैं। इसके लिए एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर माय रिक्रूटमेंट सेक्शन के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध विथड्रॉ बटन पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन विथड्रॉ किया जा सकता है।

कार्मिक (क-2) विभाग द्वारा जारी परिपत्र के क्रम में एक वित्तीय वर्ष में आयोजित की गई किन्ही 2 परीक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों की वन टाइम रजिस्ट्रेशन सुविधा ब्लॉक की जायेगी, जिसके तहत किन्हीं 2 परीक्षाओं में अनुपस्थित रहने पर राशि रुपए 750/- एवं तत्पश्चात पुनः उसी वित्तीय वर्ष की 2 और परीक्षाओं में अनुपस्थित होने पर राशि रुपए 1500/- के भुगतान उपरांत ही उक्त सुविधा पुनः बहाल की जायेगी। अतः ऐसे अभ्यर्थी भी जो किन्ही कारणों से परीक्षा देने के इच्छुक नहीं हैं उक्त निर्धारित अवधि व प्रक्रिया अनुसार अपना ऑनलाइन आवेदन-पत्र विथड्रॉ कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना' का पोर्टल खुलने से पहले अभ्यर्थी जनाधार या डीजी-लॉकर में करें दस्तावेजों का अपडेशन

जयपुर, 18 जुलाई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना' के लिए पोर्टल जल्द खोला जाना है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, 10वीं–12वीं की अंक तालिकाओं का डेटा व अन्य जानकारियां समय रहते राज ई-वॉल्ट डिजी लॉकर या जनाधार में अपडेट (अद्यतन) करवा लें। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव श्री आशीष मोदी ने बताया कि 'मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना' के तहत निःशुल्क कोचिंग करवाए जाने के लिए अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए पोर्टल शीघ्र खोला जावेगा। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि योजना के लिए सत्र 2024-25 से लागू नवीनतम संशोधित दिशा-निदेर्शों के अनुसार इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी जनाधार में मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित जानकारी तथा राज ई-वॉल्ट डिजी लॉकर में 10वीं एवं 12वीं की अंक तालिकाओं का डाटा समय रहते हुए अपडेट (अद्यतन) एवं आवश्यकतानुसार त्रुटि सुधार सुनिश्चित कर लें। ताकि पोर्टल खुलने पर आवेदन के समय संबंधित दस्तावेजों से संबंधित डेटा, योजना के पोर्टल पर ऑटो-फेच हो सके। श्री मोदी ने बताया कि 'मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग' योजना के अन्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से करवाने के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं से निःशुल्क कोचिंग करवायी जानी है। गौरतलब है कि आमजन खासकर युवाओं में इस योजना के प्रति खासा क्रेज देखा गया है।

जयपुर कैसे भारतीय मुसलमान अपने सपनों को पुन: प्राप्त कर रहे हैं ईमाम अब्दुल हकीम

राजधानी जयपुर में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुसलमान अपने सपनों को पुन प्राप्त कर रहे है नाम से हुआ जिसमें वक्ता ईमाम अब्दुल हकीम साहब ने बताया कि मध्य प्रदेश के बुरहानपुर के 17 वर्षीय माजिद मुजाहिद हुसैन को ही लीजिए उनका शहर अक्सर खबरों में नहीं आता, लेकिन माजिद ने इसे चमकने का एक कारण दिया। इस साल जब जेईई एडवांस के नतीजे घोषित हुए तो उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 3 हासिल की थी। उनके पास बेहतरीन कोचिंग सेंटर या असीमित संसाधन नहीं थे। उनके पास जो था वह इतना मजबूत विश्वास था कि दो साल तक उन्होंने सोशल मीडिया से लॉग आउट करके और अपने सपनों में लॉग इन करके शोर को सचमुच बंद कर दिया उन्होंने सिर्फ एक परीक्षा पास नहीं की; उन्होंने धारणा की अदृश्य दीवार को तोड़ दिया जो अक्सर उनके जैसे नामों के साथ छाया रहती है देश भर में, संघर्ष के एक अलग कोने में, सैकड़ों अन्य मुस्लिम छात्र भी उठ खड़े हुए रहमानी 30 में, एक शांत

लेकिन उग्र शैक्षणिक आंदोलन जहां 205 में से 176 छात्र इस साल जेईई एडवांस में सफल हुए उनमें से ज्यादातर ऐसे घरों से आते हैं जहां सपनों को अक्सर कर्तव्य के लिए बदल दिया जाता है फिर भी वे यहां हैं, आईआईटी के दरवाजे खटखटा रहे कश्मीर के पुलवामा के हृदय में, एक ऐसा नाम जो अक्सर संघर्ष से जुड़ा होता है, जहां दो युवा लड़कियों, सदाफ मुश्ताक और सिमराह मीर ने जेईई मेन्स 2025 में 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके हर रूढ़ि को तोड़ दिया। एक ऐसे क्षेत्र में जहां दुनिया सुर्खियां देखती है, उन्हें संभावनाएं भी दिखती हैं और वे उन संभावनाओं को सच्चाई में बदल रही हैं यह कच्ची, वास्तविक और अथक भावना सिर्फ पढ़ाई तक ही सीमित नहीं है ट्रैक और पूल में, मैदानों पर और फ्लडलाइट्स में, मुस्लिम एथलीट न केवल पदक बल्कि उम्मीदें भी जगा रहे हैं। मोहम्मद अफसल ने 800 मीटर में सात वर्षों में किसी भी भारतीय पुरुष से तेज दौड़ लगाई और एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। बिहार के पैरालंपिक तैराक शम्स आलम के नाम अब ओपन वॉटर तैराकी का विश्व रिकॉर्ड है कश्मीर के बांदीपुरा में कहीं, किकबॉक्सिंग की विश्व चैंपियन और किशोर कोच तजामुल इस्लाम युवा लड़कियों को सिखा रही हैं कि पितृसत्ता और डर को कैसे खत्म किया जाए। कंक्रीट से नहीं बल्कि साहस से बनी उनकी अकादमी 700 से अधिक लड़कियों को प्रशिक्षित करती है। वह सिर्फ लड़ाकू नहीं बनाती। वह आज़ादी का निर्माण करती है।

बिजली की अनियमिता को लेकर लोगों ने जताया आक्रोश।

देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बिजली विभाग द्वारा अनियमितता को लेकर जताया आक्रोश। मरूई पंचायत में बिजली की मनमानी को लेकर सैकड़ों ग्रामीणो ने सड़क पर उतरने का आह्वान किया है। वहीं पातेपुर नगर पंचायत के वार्ड 06में तीन दिन से ट्रांसफार्मर जलने को लेकर बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बिजली आपूर्ति सही से नहीं मिलने पर सैकड़ों लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। मरूई पंचायत के अमथामा, कपसरा, थैयमा गांव में सात दिनों से बिजली आपूर्ति नहीं होने पर गर्मी से परेशान लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। वहीं पातेपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 06 में बजरंग चौक पर के तीन दिनों से बिजली के ट्रांसफार्मर खराब होने से दर्जनों लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। पातेपुर बिजली कार्यालय पर पहुंचकर लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि 200केवी के स्थान पर 65के वी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इस ट्रांसफार्मर से 350से अधिक दुकान, पेट्रोल पंप, तीन सुधा डेयरी, सेंट्रल बैंक में बिजली आपूर्ति की जाती है।

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या।

बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट



बहराइच मिहींपुरवा ,बहराइच मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बीमारी से पीड़ित होकर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष मोतीपुर आनंद चौरसिया ने बताया दिन शुक्रवार को सुरेश कुमार पुत्र नकछेद निवासी कल्लू गौढ़ी कुड़वा थाना मोतीपुर ने फौती तौर पर सूचना दी कि मेरी पत्नी गीता देवी उम्र 32 वर्ष पेट में पथरी की बीमारी से पीड़ित रहती थी। जिसने जवाहरलाल वर्मा पुत्र जुड़ा दास वर्मा निवासी कुड़वा के आम के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार महिला तीन–चार महीने मायके के में रहने के बाद कल ही ससुराल आई थी जो पथरी के दर्द से काफी पीड़ित थी, सूत्रों के माने तो वह इलाज करने में असमर्थ होने के कारण असहनीय पीड़ा से काफी परेशान थी। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष मोतीपुर आनंद चौरसिया उप निरीक्षक मिहींपुरवा राघवेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल के निरीक्षण कर विधिक कार्रवाई करते हुए पंचायत नामा भरकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज बहराइच भेज दिया गया है।

खैरथल मातौर रोड अस्थाई बस स्टैंड पर रैंम्प फिर से बनवाने नाले की चौड़ाई करने का मामला

खैरथल संवाददाता अमित शर्मा

खैरथल शहर के मातौर रोड अस्थाई बस स्टैंड के पास एमडीआर रोड नं 25 पर बने नाले का रैंम्प फिर से बनवाने एवं नाले को चौड़ा करवाने की मांग को लेकर वार्ड नं 16, 17, 18, 19 के वार्डवासियों ने शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में वार्ड वासियों ने बताया कि बरसात के दिनों में वार्ड 16, व वार्ड 18, 17, 19 के घरों में कीचड़ युक्त बरसाती पानी भर जाता है जिससे पूरा वार्ड बरसाती पानी से जल मग्न एवं टापू बन जाते हैं जिससे बरसाती पानी से बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है वहीं दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है वार्डवासी गंदे पानी में से होकर गुजरते हैं वहीं स्कूली बच्चों को स्कूल समय में गंदे पानी से गुजरना पड़ता है मकानो में बरसाती पानी दो से तीन फीट पानी भर जाता है एवं मकानो में सीलन आ जाती है खैरथल नगर परिषद एवं राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन विभाग अलवर को कई बार इस संबंध में लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई

वार्डवासी अमित शर्मा, रामजीलाल खंडेलवाल, सुनील शर्मा, वार्ड नं 16 के पार्षद विनोद वलेचा, वार्ड नं 17 के पार्षद कृष्णा देवी, । वार्ड नं 18 के पार्षद अंकित चौधरी, वार्ड 19 के पार्षद मुशर्रफ खान

सहित वार्ड नं 16, 17, 18, 19 के वार्ड वासियों ने शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में ज्ञापन सौप कर मातौर रोड बस स्टैंड पर बने नाले का रैंम्प बनवाने एवं नाले की चौड़ाई करवाने की मांग की है। इधर जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने नगर परिषद खैरथल आयुक्त मुकेश शर्मा को एस्टीमेट बनवाकर जल्द से जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए

रोजदा में किसानों ने किया स्मार्ट मीटर का विरोध

जयपुर @ रामपुरा डाबडी तहसील के रोजदा सहायक अभियंता विद्युत कार्यालय सरदारपुरा विद्युत ग्रेड पर किसानों, जनप्रतिनिधियों के साथ विद्युत उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध जताया।

इस दौरान उप जिलाप्रमुख डागर ने कहा की जब तक सरकार स्मार्ट मीटर योजना का फैसला वापस नही लेगी तो आगे हमारा जिला स्तर पर आन्दोलन होगा।

इस अवसर पर उपजिला प्रमुख मोहन डागर ,रामपुरा डाबडी ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल भूखल, पंचायत समिति सदस्य जयराम कुमावत , किसान सभा जिला अध्यक्ष रामजी लाल यादव, पीसीसी महासचिव प्रतिष्ठा यादव, कांग्रेस प्रवक्ता कैलाश योगी ,किसान नेता नानूराम जाट ,रमन यादव , पंडित कैलाश शर्मा , उपसरपंच मनोहर सिंह धीरावत ,संजय कुमावत, मूलचंद बुटोलिया, गुल्लाराम डोडवाडिया, रामसिंह यादव, कैलाश सीमावत , रामस्वरूप यादव ,बंशीधर गढ़वाल, महावीर बुटोलिया, मालीराम मौर्य, रामकुमार गढ़वाल, जगदीश बुनकर,सुरेश मावलिया सहित सैकड़ों उपभोक्ताओं ने उपस्थिति दर्ज करवाकर स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध प्रदर्शन किया।

खैरथल नगर परिषद की वार्ड पार्षद मेघा भारती ने पार्षद पद दिया इस्तीफा

खैरथल संवाददाता अमित शर्मा

खैरथल, नगर परिषद खैरथल के वार्ड नंबर 31 से चुनी गई पार्षद मेघा भारती ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मेघा भारती ने राज्य सरकार को भेजे पत्र में कहा है कि उनका चयन चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा 2024 के तहत हो चुका है, इस कारण वे अब पार्षद पद पर बने रहना संभव नहीं समझतीं। उन्होंने अपना इस्तीफा आज शुक्रवार को एडीएम शिवपाल जाट व आयुक्त मुकेश शर्मा को सौंपते हुए निवेदन किया कि उनके इस्तीफे को स्वीकार किया जाए। भारती ने अपने पत्र में लिखा है कि वे जनसेवा की भावना से नगर परिषद के वार्ड 31 से निर्वाचित हुई थीं, लेकिन अब चिकित्सा सेवा के माध्यम से समाज सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने इनके माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य विभाग को अपना इस्तीफा भेजते हुए निवेदन किया है कि इसे स्वीकार कर औपचारिक कार्यवाही की जाए इस दौरान मेडिकल आफिसर पद चयन होने पर एडीएम व आयुक्त ने भारती का मुंह मीठा कराकर शुभकामनायें दी!

छात्र उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें शिक्षक :आशीष कुमार सिंह

बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट

बहराइच के समस्त विद्यालयों के अध्यापकों द्वारा आईवीआरएस प्रणाली के माध्यम से प्रेषित छात्र उपस्थिति की समीक्षा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह द्वारा बीएसए कार्यालय के सभागार में की गई, जिसमें पाया गया की जनपद की औसत उपस्थिति 75% से कम है । विद्यालयों को लगातार खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से75 प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया जा रहा है, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन राकेश मिश्र, द्वारा 01 से 14 जुलाई तक के विद्यालयवार अटेंडेंस का विवरण व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रेषित भी किया गया जिससे कम उपस्थिति वाले विद्यालयों की उपस्थिति बढ़ाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके। समीक्षा में जिन विद्यालयों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम पाई गई उनसे संबंधित नगर क्षेत्र के 26, बलहा के 223, चित्तौरा के 232, हुजूरपुर के 201, जरवल के 194, कैसरगंज के 193, महसी के 192, मिहींपुरवा के 269, नवाबगंज के 183, पयागपुर के 190, फखरपुर के 211,रिसिया के 253, शिवपुर के 199, तजवापुर के 211 एवं विशेश्वरगंज के 183 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक / इंचार्ज प्रधानाध्यापक को कारण बताओं नोटिस निर्गत करते हुए माह जुलाई की उपस्थिति 75 प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। माह जुलाई में जिन विद्यालयों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम पाई जाएगी उन विद्यालयों के समस्त स्टाफ का वेतन बाधित करने/अन्य विभागीय कार्यवाही की जाएगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक के साथ साथ सभी सहायक अध्यापक,सभी शिक्षामित्र,सभी अनुदेशक आदि की होगी।

पद ही स्वीकृत नहीं, फिर भी दे दिया पॉवर

झुंझनू। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग के आदेशों पर न केवल सवाल उठे है। बल्कि प्रशासनिक और सियासी गलियारों में इस आदेश को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई है। साथ ही आदेश की खबर वायरल होने के बाद लोगों की जुबां पर एक ही सवाल बना हुआ है कलेक्टर साब यह कैसे आदेश . . .? दरअसल मंडावा नगरपालिका में जेईएन के पद पर महेशचंद्र महावर कार्यरत है। जिसे शुक्रवार को एक आदेश जारी कर जिला कलेक्टर ने मंडावा एईएन का कार्यभार भी दे दिया है। आदेश में मंडावा नगरपालिका में एईएन का पद रिक्त बताते हुए कार्यभार दिया गया है। जबकि सूत्र बताते है कि स्थानीय निकाय में झुंझुनू नगर परिषद और नवलगढ़ नगरपालिका के अलावा जिले की किसी भी नगरपालिका में एईएन का पद स्वीकृत नहीं है। एक जेईएन को जबरदस्ती पद रिक्त बताते हुए एईएन का कार्यभार देना, किसी के गले नहीं उतर रहा है। जबकि जेईएन महेशचंद महावर को एईएन का रिक्त पद का कार्यभार दिया गया है। वह पहले भी कई मर्तबा विवादों में रहे है। करीब चार महीने पहले मार्च में ही उक्त जेईएन को मंडावा नगरपालिका से एपीओ कर दिया गया था। वहीं सीकर और झुंझुनू जिले के निकायों में भी जेईएन महेशचंद्र महावर का कार्यों को लेकर सवाल उठते रहे है। बावजूद इसके मंडावा में एईएन पद ना होते हुए महेशचंद्र महावर को एईएन का कार्यभार देना सवाल खड़े कर रहा है।

पॉवर गेम हुआ 1 लाख से बढ़कर 10 लाख

दरअसल जेईएन को एईएन का कार्यभार मिलने के बाद पॉवर गेम है। निकायों में एक लाख रुपए से उपर और 10 लाख रुपए तक के कार्यों की तकनीकी जांच और कार्यों के मापदंड होने की जांच एईएन द्वारा की जाती है। माना जा रहा है कि जेईएन महावर ने जनप्रतिनिधियों के जरिए अधिकारियों को अंधेरे में रखकर 10 लाख रुपए तक का पॉवर खुद ही ले लिया। जबकि जेईएन महेशचंद्र महावर अपने कार्यकाल में सस्पैंड भी हो चुके है। एपीओ हो चुके है और चार्जशीट भी ले चुके है। ऐसे अधिकारी को जबरदस्ती बिना पद के एईएन का कार्यभार देना कई तरह के सवाल खड़ा कर रहा है। बताया जा रहा है कि पिलानी और राजगढ़ से महावर सस्पैंड और मंडावा से एपीओ हो चुके है।

पड़ोस में दो-दो एईएन फिर भी कार्यभार दिया

मंडावा के पड़ोस के निकायों में दो-दो एईएन है। मंडावा से नवलगढ़ और झुंझुनू दोनों की दूरी करीब 30 किलोमीटर है। जहां पर नगरपालिका में एईएन पदस्थापित है। इनमें से ही एक एईएन को अब तक मंडावा नगरपालिका में कार्य आवंटित किया जाता रहा है। लेकिन बिना पद स्वीकृत के अब मंडावा जेईएन को ही एईएन का चार्ज दिया गया है। यही नहीं नवलगढ़ और झुंझुनू से खेतड़ी की दूरी 55 से 60 किलोमीटर है। जहां पर एईएन के आने–जाने और वहां के अधिकारियों–कर्मचारियों को एईएन से काम करवाने के लिए सिलसिले में आने–जाने में मंडावा से कहीं ज्यादा परेशान होना पड़ता है। बावजूद इसके मंडावा में जेईएन को एईएन का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

अलवर में दलित युवक का अपहरण और अत्याचार निंदनीय और कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह: मुहम्मद नाज़िमुद्दीन।

जयपुर, 18 जुलाई 2025: जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने अलवर जिले में एक दलित युवक के अपहरण और क्रूरता की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इस घटना को कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने वाला, शर्मनाक और अत्यंत चिंताजनक बताया है।

मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने कहा कि पीड़ित युवक को उसके परिचितों ने धोखे से वाहन में बैठाकर अपहरण किया, नंगा करके मारपीट की और परिवार से 3.5 लाख रुपये की फिरौती मांगी। डर के कारण परिवार ने अपहरणकर्ताओं को 50,000 रुपये का भुगतान भी कर दिया। इसके अतिरिक्त, पीड़ित परिवार को फोन पर धमकियां भी दी गईं।

उन्होंने कहा, "यह अत्यंत गंभीर मामला है। अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़े वर्गों पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जो समाज और प्रशासन के लिए चिंता का विषय है।

"जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द राजस्थान ने प्रशासन से मांग की है कि कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए तथा सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सितारे जमीन पर की स्पेशल स्क्रीनिंग में कही खास बच्चों के कल्याण के लिए महाराष्ट्र सरकार के पूरे सहयोग की बात*

जित मुंबई; 2007 की सुपरहिट तारे जमीन पर का स्पिरिचुअल सीक्वल मानी जा रही सितारे जमीन पर को रिलीज के बाद से ही देशभर से जबरदस्त प्यार मिल रहा है। प्यार, हंसी और खुशी का अच्छा मेल दिखाने वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार कमाई की है। इसी कामयाबी के बीच शिवसेना की प्रमुख प्रवक्ता शाइना एनसी ने फिल्म की एक खास स्क्रीनिंग रखी, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुपरस्टार आमिर खान भी शामिल हुए।

मुंबई के इनॉक्स थिएटर में शिवसेना प्रवक्ता शाइना एनसी द्वारा रखी गई सितारे जमीन पर की खास स्क्रीनिंग को शानदार

रिस्पॉन्स मिला। फिल्म ने अपनी दिल छूने वाली कहानी से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस मौके पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुपरस्टार आमिर खान भी मौजूद रहे। फिल्म को इस इवेंट में सबकी तारीफ मिली, जिससे इसकी कामयाबी में और भी चमक जुड़ गई है।

आमिर खान प्रोडक्शंस गर्व के साथ पेश करता है 10 राइजिंग सितारे अरूश दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभजैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर। आर. एस. प्रसन्ना द्वारा निर्देशित, जिन्होंने पहले बैरियर तोड़ने वाली ब्लॉकबस्टर 'शुभ मंगल सावधान' बनाई थी, अब आमिर खान प्रोडक्शंस के साथ 'सितारे जमीन पर' में सबसे बड़े कोलैबरेशन के साथ वापसी कर रहे हैं।

आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी 'सितारे जमीन पर' में आमिर खान और जेनेलिया देशमुख लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म के गाने अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और म्यूजिक शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है। इसका स्क्रीनप्ले दिव्य निधि शर्मा ने लिखा है। इस फिल्म को आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने रवि भागचंदका के साथ प्रोड्यूस किया है। आर. एस. प्रसन्ना के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।

शिविर में 225 लोग हुए लाभान्वित

झुंझनू। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्व. केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझनू में संपन्न हुआ। शिविर में 225 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ एस एन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मुंड, देवेंद्र कुमार गौड़, कैलाश चंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ मूल सिंह, सहायक प्रमोद कुमार, डॉक्टर्स टीम व काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

15 अगस्त से नानपारा-बहराइच के बीच ट्रेन संचालन की तैयारी

बहराइच-नानपारा रेल लाइन का निरीक्षण करते रेल संरक्षा आयुक्त।

बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट

बहराइच। नेपाल- नानपारा- बहराइच आमान परिवर्तन के फेज वन का कार्य पूरा हो चुका है। इसकी जांच के लिए बुधवार को रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिमंडल प्रणजीव सक्सेना बहराइच पहुंचे। अपने दो दिवसीय दौरे पर उन्होंने पहले दिन बहराइच से मटेरा तक नई विद्युतीकृत रेल लाइन से लेकर अन्य सभी कार्यों का निरीक्षण किया। बृहस्पतिवार को इस रेलवे ट्रैक पर स्पीड ट्रायल किया जाएगा। रेलवे की ओर से इस नानपारा-बहराइच को 15 अगस्त से पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की तैयारी है। नेपाल से नानपारा होते हुए बहराइच तक की रेल परियोजना को दो चरणों में तैयार किया गया है। पहला फेज बहराइच-नानपारा स्टेशनों के मध्य (34.85 किमी.) का है। इस फेज के तहत सभी कार्य हो चुके हैं। ट्रेनों के संचालन के लिहाज से परीक्षण करने के लिए रेल संरक्षा आयुक्त बुधवार को बहराइच पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले बहराइच रेलवे स्टेशन पर नई विद्युतीकृत रेल लाइन 25,000 वोल्ट एसी क्षमता के नई विद्युतकर्षण लाइन के मानकों को परखा।

इस परीक्षण में सेफ्टी अभिलेखों, यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रूल, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रॉसिंग, सिग्नलिंग, बर्थिंग ट्रैक बैलास्ट, फाउलिंग मार्क, पैनल इंटरलाकिंग बैटरी रूम, रिले रूम आदि की सुरक्षा शामिल है। रेल संरक्षा आयुक्त ने यहां स्टेशन मास्टर से संरक्षा संबंधी प्रश्न पूछकर उसकी कार्यकुशलता की जानकारी हासिल की।

रेल संरक्षा आयुक्त इसके पश्चात मोटर ट्रॉली से बहराइच-नानपारा रेल खंड के मध्य नई विद्युतीकृत लाइन के संरक्षा निरीक्षण के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने बहराइच-रिसिया स्टेशनों के मध्य समपार संख्या- 43 (एलएचएस), माइनर ब्रिज संख्या-37 एवं 38, मेजर ब्रिज संख्या-39, कर्व एवं बैलास्ट कुशन के साथ ही रिसिया स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात रिसिया-मटेरा स्टेशन के मध्य समपार संख्या-51, मेजर ब्रिज संख्या-43, कर्व का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर निर्माण ओपी सिंह, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार, मुख्य इंजीनियर टीएमसी संजय

यादव, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्लानिंग नीलाभ महेश, मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर आरके चौधरी, विनोद कुमार तथा लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

परियोजना को अंतिम रूप देने के लिए बृहस्पतिवार को नानपारा से बहराइच तक स्पीड ट्रायल होगा। इसमें ट्रेन को उसके गति के अनुरूप दौड़ाया जाएगा। फेज वन बहराइच- नानपारा के मध्य का कार्य पूरा हो जाने के बाद केवल रेल संरक्षा आयुक्त के एनओसी का ही इंतजार है। अब यदि कोई अन्य समस्या नहीं आती है तो 15 अगस्त से ट्रेन का संचालन हो सकता है।

बहराइच–नानपारा-नेपालगंज रोड आमान परिवर्तन परियोजना के द्वितीय चरण में नानपारा-नेपालगंज रोड (20.54 किमी) का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इस खंड में एक बड़ा पुल का फाउंडेशन तथा सुपर स्ट्रक्चर का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ 10 छोटे पुल, तीन समपार का कार्य हो रहा है। इसके साथ ही एक स्टेशन की बिल्डिंग का फिनिशिंग कार्य चल रहा है। 24 ट्रैक किलोमीटर ट्रैक लिंकिंग का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही सिग्नलिंग एवं ओवरहेड विद्युतीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

नानपारा से वाराणसी तक रेल परिचालन को मिली मंजूरी

अभी तक बहराइच से वाराणसी के मध्य चलने वाले गोंडा-बहराइच डेमू के रूट का विस्तार कर दिया गया है। अब यह नानपारा से वाराणसी के बीच चलेगी। यह जानकारी रेल मंत्री ने सांसद डॉ. आनंद गोंड के एक पत्र के जवाब में दिया है।

वरिष्ठजन तीर्थयात्रा योजना-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

जयपुर, 18 जुलाई-2025। राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्विती में वरिष्ठजन नागरिक तीर्थयात्री योजना-2025 के लिए देवस्थान विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस ऑनलाइन प्रक्रिया को देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने देवस्थान विभाग की वेबसाइट ँ३३स्र२://@ाी५२३ँल्ल-१२३ँल्ल-ॅङ्क५-ल्ल पर बटन दबाकर पोर्टल का शुभारंभ किया। इस संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबोधित करते हुए देवस्थान मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार इस बार 50 हजार वरिष्ठजनों को एसी ट्रेन व 6 हजार यात्रियों को हवाई जहाज से यात्रा कराई जाएगी। ऑनलाइन आवेदन 10 अगस्त-2025 तक किया जा सकेगा।

इसके लिए 60 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक पात्र होंगे। आवेदक को राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक का जन्म एक अप्रेल-1966 से पूर्व होना चाहिए। इसके अलावा आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे यात्री जिनका चयन विगत वर्षों में हो गया और वे स्वेच्छा से यात्रा पर नहीं गए, उन्हें इस बार शामिल नहीं किया जाएगा।

ऐसे कर सकेंगे आवेदन

श्री कुमावत ने बताया कि इच्छुक वरिष्ठजन देवस्थान विभाग की वेबसाइट https://@devasthan-rajasthan-gov-in या सीधे edevasthan-rajasthan-gov-in पर आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट पर यात्रा से संबंधित विस्तृत

दिशा-निर्देश भी उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के पश्चात जिला स्तर पर कमेटी द्वारा पात्र लोगों का चयन किया जाएगा। यात्रा के लिए 100 प्रतिशत अतिरिक्त यात्रियों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी। चुने गए पात्र लोगों को यात्रा पर भेजा जाएगा। एक ट्रेन में 800 वरिष्ठ जन यात्रा कर सकते हैं।

रेल द्वारा करीब 40 तीर्थस्थलों के दर्शन करेंगे यात्री

देवस्थान मंत्री ने बताया कि इस बार स्वर्ण मंदिर के बाद सिख समुदाय की मांग पर सिख धर्म के कई नए तीर्थ स्थलों को यात्रा में शामिल किया गया है। इनमें महाराष्ट्र के हजूर साहिब (नांदेड़) व पटना साहिब (बिहार) भी हैं। इसके अलावा ट्रेन से कुल 15 रूट तय किए गए हैं, जिन पर वरिष्ठजनों को लगभग 40 तीर्थस्थलों के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। इनमें हरिद्वार, ऋषिकेश-अयोध्या-वाराणसी,सारनाथ, सम्मेदशिखर-पावापुरी, मथुरा, वृंदावन, बरसाना, आगरा, द्वारकापुरी, नागेश्वर, सोमनाथ, तिरूपति, पदमावती, कामख्या-गोवाहाटी, गंगासागर-कोलकाता, जगन्नाथपुरी-कोणार्क, रामेश्वरम-मदुरई, वैष्णोदेवी, अमृतसर-वाघा बार्डर, महाकालेश्वर, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर-घृष्णेश्वर-एलोरा, बिहार शरीफ, पटना साहिब-बिहार व श्री हजूर साहिब नांदेड़-महाराष्ट्र तथा गोवा के मंदिर व अन्य स्थल चर्च आदि शामिल हैं।

ट्रेन पर दिखेगी राजस्थानी संस्कृति

श्री कुमावत ने बताया कि ट्रेन पर राजस्थानी संस्कृति नजर आएगी। ट्रेन को खासतौर पर इस तीर्थ यात्रा के लिए डिजाइन किया है। विशेषतौर पर सभी 11 डिब्बों पर राजस्थानी लोक नृत्य, लोक कलाएं, तीज त्योहार की झलक नजर आएगी। प्रत्येक डिब्बे पर राजस्थान के अलग-अलग मंदिर, दुर्ग, अन्य पर्यटक स्थल व अभयारण्य को दशार्या गया है। ट्रेन में डॉक्टर तथा मेडिकल स्टाफ की सुविधा भी मिलेगी।

आगामी सोलह घंटे के मध्य उप्र के 50 जिले में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना

प्रयागराज। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि आगामी 16 घंटों के मध्य उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित 50 जिलों में अचानक तेज हवाओं एवं मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। बारिश के दौरान कुछ स्थानों पर बज्रपात की संभावना है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग एवं उत्तर प्रदेश मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी अलर्ट के मुताबिक आगामी 16 घंटों के बीच उप्र की राजधानी लखनऊ , कन्नौज, हरदोई, फर्रूखाबाद, सीतापुर, बहराइच, गोंडा ,महराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, सोनभद्र, मिजार्पुर, चन्दौली, संत रविदास नगर भदोही, जौनपुर, बलिया, प्रतापगढ़, चित्रकूट, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया,प्रतापगढ़, महोबा, बांदा, फतेहपुर, जालौन हमीरपुर,राय बरेली, कानपुर नगर, ललितपुर, झांसी, इटावा, मैनपुरी , आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर , देवरिया, अयोध्या, गोरखपुर संतकबीरनगर , कानपुर देहात, उन्नाव , औरैया, शाहजहाँपुर,लाखीमपुर खीरी,अलीगढ़, गौतम बुद्ध नगर,बुलंदशहर में मेघगर्जन आकाशीय बिजली के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

न्यूज फ्लैश

जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

झुंझुनू। राज्य सरकार द्वारा आमजन को सुशासन प्रदान करने हेतु प्रत्येक माह आयोजित की जाने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने की। इस अवसर पर सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे, वहीं उपखंड अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जनसुनवाई में 44 प्रकरण प्राप्त हुए। जनसुनवाई में उमड़ी आमजन की भीड़ ने बताया कि कलेक्टर डॉ गर्ग की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता से लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। जनसुनवाई में भूमि अतिक्रमण व रास्तों से संबंधित विवाद काफी संख्या में सामने आए। इस दौरान वर्षा जल भराव, टूटी सडकों, अन्नपूर्णा रसोई संचालन, जल भराव, विद्युत पोल शिफ्टिंग, कृषि यंत्र अनुदान तथा भूमि मुआवजा संबंधी अनेक मामलों पर भी सुनवाई की गई। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें और जनता को राहत प्रदान करना प्राथमिकता में रखें। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, जिला परिषद के सीईओ रणजीत सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना : गोयनका को मिली 10 लाख की सहायता राशि

झुंझुनू। कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों की सहायता हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत झुंझुनू निवासी बालक उत्सव कुमार गोयनका को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर योजना की सहायता राशि के रूप में 10 लाख रुपये की सहायता राशि उनके पोस्ट ऑफिस खाते में जमा की गई। शुक्रवार को बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद ओला ने लाभार्थी को पोस्ट ऑफिस बचत खाते की पासबुक प्रदान की गई। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी विकास कुमार, वरिष्ठ सहायक मनोज खीचड़, कनिष्ठ लेखाकार मनीषा झाझडि?ा, आउटरीच वर्कर पूनम कुमारी, काउंसलर सुमन मील, समन्वयक, चाइल्ड हेल्पलाइन महेश मांजू उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविन्द कुमार ओला ने बताया कि जिले में कोविड महामारी से प्रभावित कुल 9 बच्चों को इस योजना का लाभ दिया गया है। उनमें से उत्सव कुमार गोयनका पुत्र विनोद गोयनका ने हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूर्ण की है, जिन्हें योजना का लाभ प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत कोरोना के कारण माता-पिता को खो चुके बच्चों को उनकी पढ़ाई जारी रहने पर प्रतिवर्ष 20 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है जो कक्षा 12 तक मान्य होती है। साथ ही 10 लाख की राशि पोस्ट ऑफिस खाते में जमा की जाती है जो लाभार्थी को 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्राप्त होती है। 18 वर्ष की आयु के पश्चात इस राशि पर मिलने वाला ब्याज मासिक रूप से बच्चों को प्रदान किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा भी इन बच्चों को संरक्षण और सहयोग के रूप में 18 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 4 हजार की सहायता राशि दी जा रही है ।

गिव अप अभियान : 31 अगस्त तक खाद्य सुरक्षा से हटा सकते हैं नाम

झुंझुनू। जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत अपात्र लाभार्थियों की पहचान एवं नाम विलोपन की प्रक्रिया को लेकर गिव अप अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़ ने बताया कि ऐसे परिवार जो निर्धारित मापदंडों में नहीं आते, वे 31 अगस्त 2025 तक स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम हटवा सकते हैं। डॉ राठौड़ ने बताया कि जिन परिवारों में कोई सदस्य आयकरदाता हो, सरकारी सेवा में कार्यरत हो, वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक हो अथवा किसी के पास चार पहिया वाहन हो, वे इस योजना के लिए अपात्र माने जाते हैं। ऐसे परिवारों से अपील की गई है कि वे सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए योजना का लाभ स्वयं छोड़ें। अब तक झुंझुनूं जिले में 8324 राशन कार्डों और उनसे जुड़ी करीब 37500 यूनिट्स को खाद्य सुरक्षा योजना से हटाया जा चुका है। इसके अतिरिक्त गिव अप अभियान के तहत अपात्र पाए गए 340 परिवारों को नोटिस जारी कर स्वेच्छा से नाम विलोपित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

डॉ राठौड़ ने नागरिकों से अपील की है कि जो परिवार योजना के मापदंडों के अनुसार अपात्र हैं, वे निर्धारित तिथि तक स्वेच्छा से नाम हटवाकर योजना का सही लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने में योगदान दें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी समस्याएं

इटावा। पुलिस कार्यालय मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया । जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया । एसएसपी द्वारा विभिन्न थानाक्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना पुलिस की प्राथमिकता है।

प्रभारी सचिव टीकमचंद बोहरा ने किया अटरू क्षेत्र का निरीक्षण

बारां, राजस्थान

बारां / अटरू, जिला प्रभारी सचिव टीकमचंद बोहरा ने शुक्रवार को उपखण्ड क्षेत्र अटरू का दौरा कर नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण की शुरूआत बुधसागर तालाब से हुई, जहां उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने नगर क्षेत्र में पूर्व में किए गए पौधारोपण की स्थिति की जानकारी भी ली।

प्रभारी सचिव ने इसके पश्चात परवन पुनर्वास कॉलोनी, छत्रपुरा का भ्रमण किया और वहाँ चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने पुनर्वास कॉलोनी में बनाए गए विद्यालय, अस्पताल एवं अन्य भवनों का निरीक्षण किया और कॉलोनी में रह रहे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी।

इसके बाद श्री बोहरा ने महाराणा प्रताप आवासीय विद्यालय, अटरू का निरीक्षण कर छात्रों से भोजन व्यवस्था एवं सरकार द्वारा प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं के संबंध में बातचीत की। उन्होंने छात्रावासों में सुझाव पेटी लगाने के निर्देश देते हुए उपखण्ड अधिकारी को निर्देशित किया कि सुझाव पेटी को प्रत्येक माह न्यूनतम एक बार खोला जाए तथा प्राप्त सुझावों का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

आमजन से जुडे कार्यो की करें त्वरित क्रियान्विति — ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री

जयपुर, 18 जुलाई। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी ने शुक्रवार को सिरोही जिला परिषद कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज समेत विभिन्न विभागों के विकास कार्यों, सिरोही से सम्बंधित गत 2 साल की राज्य बजट घोषणाओं की प्रगति, वंदे गंगा जल संरक्षण और पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल अभियानों की उपलब्धियों की समीक्षा की।

श्री देवासी ने विभिन्न विभागों से सम्बन्धित परिवेदनाओं के सम्बन्ध में दी गई राहत, समाधान की समीक्षा भी की। श्री देवासी ने कहा कि सभी विभागीय

अधिकारी नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें। विभिन्न कार्यो को पूर्ण करने में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में सभी अधिकारी उच्चाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने, जनकल्याणकारी फैसलों का त्वरित क्रियान्वयन करने तथा प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने की दिशा में पूर्ण तत्परता से कार्य कर रही है, सभी अधिकारी राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए लंबित कार्यों को पूर्ण कर दिए गए निदेर्शों की सफल क्रियान्विति करें।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों, विद्यालयों में शौचालयों आदि की स्थिति, राजीविका समूहों द्वारा किए जाने वाले कार्य आदि की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

रिजर्व पुलिस लाइन मे गोष्ठी का किया गया आयोजन

इटावा। जनपद के रिजर्व पुलिस लाइन सभागार मे जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ठउडफऊ समिति की मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें जिला आबकारी अधिकारी, बेसिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा, वन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, औषधि विभाग, जी0एस0टी0 विभाग व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे । उक्त गोष्ठी में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी, व्यापार, जागरूकता अभियान एवं मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में चर्चा की गयी ।

व्यापारी से 32 लाख की लूट करने वाले दो और बदमाश मुठभेड़ में घायल

गाजियाबाद। थाना कौशाम्बी पुलिस ने गुरुवार रात में ग्रोसरी कारोबारी से तमंचों के बल पर 32 की लूट करने वाले दो और बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। दोनों ही बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से दो तमन्चे,कारतूस तथा व्यापारी से लूटे गए 32 लाख रुपये बरामद किए गए हैं।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार की रात में थाना कौशाम्बी पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाऐ जा रहे अभियान के अंतर्गत रूटीन चेकिंग में टीम बनाकर 2/5 की पुलिया वैशाली पर इन्दिरापुरम की तरफ से आने वाले व वैशाली को जाने वाली रोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक काले रंग की स्पेलैण्डर प्लस मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट पर सवार 02 व्यक्ति इन्दिरापुरम की तरफ से आते दिखायी दिये। जिन्हें चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार दोनों व्यक्ति एक दम से बायी तरफ मुड़कर तेज गति से सेक्टर 2/5 पुलिया की ओर एलीवेटेड के नीचे बने कच्चे रास्ते से यूपी गेट की तरफ भागने लगे । शक होने पर पुलिस ने मोटर साइकिल का पीछा किया और रोकने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल सवार बदमाश भागते समय रास्ता उबड-खाबड होने के कारण फिसल कर गिर गये। बदमाशों ने स्वयं को घिरा देख पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया । पुलिस ने जवाबी करवाई की। जिसमें दोनों बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाश प्रवेश निवासी गेदनपुर शेखपुर बुलन्दशहर तथा सचिन निवासी खोदनाकला थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर हैं।

बदमाशों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि दोनों ने अपने 08 अन्य साथियों के मिलकर लूट की थी।। आज दोनों अपने हिस्से में आए 02-02 लाख रुपये लेकर मोटर साइकिल से जा रहे थे। जो पैसे दोनों से बरामद हुए, वो इसी लूट की घटना से सम्बन्धित है ।

153 मास्टर ट्रेनर्स को दिया विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु प्रशिक्षण

जयपुर, 18 जुलाई। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य चुनाव अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर के सभागार में आयोजित हुआ।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने उद्घाटन सत्र में बताया की बिहार की तर्ज पर जल्द ही भारत निर्वाचन आयोग ने संपूर्ण राष्ट्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 2002 में मतदाता सूचियों के रिवीजन का कार्य हुआ था। उन्होंने बताया कि राजस्थान में भी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूचियों के शोधन का कार्य करेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके लिए 16 व 18 जुलाई को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अब तक राज्य के 41 जिलों के 153 मास्टर ट्रेनर्स को विस्तृत प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता में अभिवृद्धिकरण का कार्य किया जा चुका है ताकि वे उनके जिलों में जाकर वहां के अन्य मास्टर टेनर्स, बीएलओ और सुपरवाइजर को उक्त कार्य हेतु प्रशिक्षित कर सकें।

उन्होंने बताया कि इनके द्वारा प्रशिक्षित बीएलओ राजस्थान के 5 करोड़ 75 लाख मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर गणना प्रारूप भरवाकर मतदाता सूची के शोधन का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय राजस्थान द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निदेर्शों व जानकारियों से अपने आप को अपडेट रखने व सभी प्रकार के अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफ ए क्यू) की जानकारी रखने के लिए कहा है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रौनक बैरागी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) में बीएलओ की भूमिका के बारे में प्रथम सत्र लिया। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी आलोक जैन ने इस दौरान संवैधानिक प्रवाधान, वैधानिक प्रावधान और बीएलओ की नियुक्ति के सम्बन्ध में द्वितीस सत्र लिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर आशीष कुमार उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया विद्याधर नगर क्षेत्र का दौरा

जयपुर, 18 जुलाई। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा शुक्रवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के अंबाबाड़ी क्षेत्र में स्थानीय जनता के साथ मिलकर स्वच्छता, कचरा निस्तारण और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जेडीए एवं निगम के अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री द्वारा जेडीए सचिव निशांत जैन, जेडीए एवं निगम के अधिकारियों के साथ विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में अंबाबाडी स्थित जेडीए की जस्टिस दौलतमल भण्डारी स्कीम से लगती हुई सडक का दौरा किया।

उन्होंने अंबाबाड़ी नाले में फैली जलकुंभी और गंदगी को तत्काल हटाने, वहां स्थायी स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नाले के आसपास आवागमन को सुविधाजनक बनाने हेतु एक विकसित वैकल्पिक मार्ग की योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने अंबाबाडी पुलिया से अंबाबाडी

सब्जी मंडी तक दौरा करते हुए सडक पर फैले हुए मलबे/कचरे के प्रबंधन एवं साफ-सफाई के लिए निगम अधिकारियों को निर्देश दिये।

उप मुख्यमंत्री द्वारा जेडीए के जोन उपायुक्त - 2 को जेडीए की जस्टिस दौलतमल भण्डारी स्कीम में हो रहे अतिक्रमण की रोकथाम करने हेतु निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सडक सुदृढीकरण एवं मरम्मतीकरण के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधा संपन्न बनाया जा सके। जनता का सहयोग और सुझाव ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

जेडीए सचिव निशांत जैन द्वारा मौके पर उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने हेतु जेडीए के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि जेडीए की प्राथमिकता शहरवासियों को बेहतर सड़कें उपलब्ध कराना है। पेच रिपेयर कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

मोबाइल चोरी की घटना में प्रकाश में आए एक अभियुक्त को चोरी किए हुए दो मोबाइल फोन सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

एटा। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी की घटना में प्रकाश में आए एक अभियुक्त को चोरी किए हुए दो मोबाइल फोन सहित किया गया गिरफ्तार। घटना का विवरण वादी साहब सिंह पुत्र रामभरोसे निवासी उलायतपुर थाना कोतवाली देहात जनपद एटा द्वारा थाना कोतवाली देहात पर इस आशय की लिखित सूचना दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा वादी के गंज रोड स्थित ऑफिस का दरवाजा खोलकर वादी के दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए हैं। इस सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर मुकददमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी का विवरण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत उक्त

अभियोग में प्रकाश में आए अभियुक्त अजीत पुत्र विनय कुमार उर्फ छोटे उम्र करीब 22 वर्ष निवासी सौरामगढ़ी थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद को ककैरा बाईपास से चोरी किए हुए दो मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार उक्त अभियोग में धारा 317(2) बी0एन0एस0 की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध थानास्तर से अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त द्वारा बाइक के दस्तावेज ना दिखाने पर बाइक को 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर बाइक के संबंध में अन्य जनपदों से जानकारी की जा रही है।

सुनील भारती मित्तल को बाथ विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी

एजेंसी

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारती एंटरप्राइजेज लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बाथ विश्वविद्यालय ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। यह सम्मान ऐतिहासिक बाथ एबे में आयोजित विश्वविद्यालय के ग्रीष्मकालीन स्नातक समारोह में वैश्विक व्यापार, उद्यमिता और परोपकार में योगदान के लिए प्रदान किया गया है। सुनील भारती मित्तल ने एक बयान में कहा, बाथ विश्वविद्यालय से यह सम्मान पाकर मैं गौरवान्वित हूं। यह संस्थान अपनी बौद्धिक दृढ़ता, उद्यमशीलता की भावना और कक्षा से परे दुनिया के साथ जुड़ाव के लिए प्रसिद्ध है। यह क्षण मेरे परिवार के विश्वविद्यालय के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव के कारण विशेष रूप से सार्थक हो गया है। बाथ विश्वविद्यालय के कुलपति और अध्यक्ष फिल टेलर ने कहा, हमें उद्यमशीलता, नेतृत्व और समाज सेवा के क्षेत्र में सुनील भारती मित्तल की उल्लेखनीय उपलब्धियों का सम्मान करते हुए बहुत गर्व हो रहा है। उन्होंने न केवल एक विश्व-अग्रणी वैश्विक उद्यम का निर्माण किया है, बल्कि उनके मानवीय कार्यों ने शिक्षा और ग्रामीण विकास के माध्यम से 37 लाख से अधिक बच्चों के जीवन को प्रभावित किया है।

भारत और ब्रिटेन अगले हफ्ते व्यापार समझौते पर कर सकते हैं हस्ताक्षर

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन अगले हफ्ते मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इस बहुप्रतीक्षित समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारत और ब्रिटेन अगले हफ्ते एक बड़े मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। इस व्यापार समझौते से ब्रिटेन को होने वाले 99 फीसदी भारतीय निर्यात पर लगने वाले शुल्क समाप्त हो जाएंगे, चाहे वह चमड़ा हो, जूते हों, कपड़े आदि हों। इस पर कई महीनों से चर्चा जारी थी, दोनों देशों ने 6 मई को वार्ता समाप्त करने की घोषणा की थी। उल?लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच बहुप्रतीक्षित इस समझौते के तहत भारत से चमड़ा, जूते और वस्त्र जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर शुल्क समाप्त हो जाएगा। वहीं, ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों का आयात सस्ता होगा। इससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच 2030 तक व्यापार दोगुना होकर 120 अरब डॉलर हो जाएगा। विश्व की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने पिछले तीन वर्षों की वार्ता के बाद इस समझौते तक पहुंचे।

केंद्र ने एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह का कार्यकाल एक साल बढ़ाया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) गुरदीप सिंह का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। उनका कार्यकाल बढ़ाकर जुलाई, 2026 तक कर दिया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने सीएमडी के रूप में पुनः नियुक्त करने के विद्युत मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस बारे में एक आधिकारिक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। सीएमडी गुरदीप सिंह 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन अब वे 31 जुलाई, 2026 तक बिजली कंपनी एनटीपीसी का नेतृत्व करेंगे। एनटीपीसी, विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक इकाई है।

एसबीआई को ग्लोबल फाइनेंस ने चुना दुनिया का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक

मुंबई। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने साल 2025 के लिए दुनिया का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक चुना है। बैंक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। एसबीआई के चेयरमैन सी.एस. सेट्टी इस साल 18 अक्टूबर को आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान एक कार्यक्रम में यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे। श्री सेट्टी ने इस उपलब्धि के लिए बैंक के ग्राहकों, समर्पित कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को धन्यवाद दिया जिन्होंने बैंक पर भरोसा दिखाया है।

उन्होंने कहा कि एसबीआई की विकास रणनीति में ग्राहक अनुभव केंद्रीय बिंदु है। बैंक में खाता खोलना आसान हो गया है, क्षेत्रीय भाषाओं में वॉयस बैंकिंग की सुविधा दी जा रही है और डिजिटल सहायता चौबीसों घंटे उपलब्ध कराई जा रही है। इन पहलों का उद्देश्य हर तरह के क्षेत्र में विशेषकर ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है। वर्तमान में एसबीआई के 52 करोड़ से ज्यादा ग्राहक हैं और यह देश का सबसे बड़ा बैंक है।

सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। वहीं चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में तेजी आने के कारण आज देश ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,340 रुपये से लेकर 99,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,060 रुपये से लेकर 91,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,13,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई

में 24 कैरेट सोना 99,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

रूसी तेल आयात पर संभावित अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत चिंतित नहीं: हरदीप पुरी

एजेंसी



नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रूसी तेल आयात वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने की चेतावनी के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत ऐसे किसी भी प्रतिबंध को लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा कि बाजार में पर्याप्त आपूर्ति होने के कारण भारत किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम है।हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक अपस्ट्रीम तेल एवं गैस सम्मेलन ऊर्जा वार्ता को संबोधित करते हुए यह बात कही। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने कहा कि भारत अमेरिकी प्रतिबंधों की धमकियों को लेकर चिंतित नहीं है क्योंकि बाजार में तेल की पर्याप्त आपूर्ति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतें नीचे आएंगी। उन्होंने कहा कि ये नया भारत है जहां दबाव वाली नहीं, प्रभाव वाली सरकार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर किसी का दबाव नहीं चलता, उनकी प्रतिबद्धता देशवासियों के प्रति है। उन्होंने कहा कि भारत को जहां सस्ता मिलेगा, वहां से तेल आयात करेगा। बिना किसी दबाव में भारत ने रूस से तेल खरीद कर वैश्विक मुद्रास्फीति को कंट्रोल किया है। उन्होंने कहा कि पहले हम 27 देशों से तेल खरीदते थे, अब ये संख्या बढ़कर 40 के करीब हो गई है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि भारत एकमात्र देश या उन चुनिंदा देशों में से एक है, जहां बीते 3 वर्षों से अधिक समय में तेल के दाम घटे हैं। यह प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता से संभव हुआ है।

गोयल ने युवाओं से 2047 तक विकसित भारत के निर्माता बनने का आह्वान किया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को युवाओं से 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण में योगदान देने के लिए सक्षम एवं प्रतिबद्ध व्यक्तियों की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री नोएडा स्थित श्रीराम मिलेनियम स्कूल में भारत के अंतरराष्ट्रीय राष्ट्र एकीकरण आंदोलन (आईआईएमयूएन) सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। पीयूष गोयल ने युवाओं से भारत के भविष्य की जिम्मेदारी संभालने का आग्रह किया और कहा कि कल के भारत के परिवर्तनकर्ता और प्रेरक बनें। उन?होंने कहा कि सामूहिक संकल्प के साथ, हम हर चुनौती पर विजय पा सकते हैं और अपने राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। गोयल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत एक बड़े परिवर्तन के

मुहाने पर खड़ा है। 15 अगस्त, 2022 को प्रधानमंत्री के संबोधन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अमृत काल की 25 वर्ष की अवधि 2047 में भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी तक ले जाएगी। उन्होंने विस्तार से बताया कि पांच प्रतिज्ञाओं में से पहली प्रतिज्ञा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। गोयल ने कहा कि यह प्रतिबद्धता तभी साकार हो सकती है, जब हम शेष चार प्रतिज्ञाओं को भी उतनी ही गंभीरता से अपनाएं।

आईटीआर-2 फॉर्म की ऑनलाइन फाइलिंग प्रक्रिया शुरू, 15 सितंबर है आखिरी तारीख

एजेंसी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने शुक्रवार को आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-2 फॉर्म के लिए ऑनलाइन आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइलिंग की सुविधा शुरू कर दी है, जिससे जटिल आय संरचना वाले लाखों करदाताओं को अपना आईटीआर ज्यादा आसानी से दाखिल करने में मदद मिलेगी। आयकर विभाग ने बयान जारी कर बताया कि आयकर रिटर्न फॉर्म आईटीआर-2 अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर पहले से भरे गए डेटा के साथ ऑनलाइन दाखिल करने के लिए उपलब्ध है। इसके जारी होने के साथ ही वो सभी करदाता, जिनमें वेतनभोगी व्यक्ति भी शामिल हैं, जिनके पास कर योग्य पूंजीगत लाभ, क्रिप्टो इनकम आदि हैं, आज से ई-फाइलिंग आईटीआर पोर्टल के जरिए अपना आयकर रिटर्न ऑनलाइन दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। यह फॉर्म https://incometa&.gov.in/iec/foportal/ पर उपलब्ध है। विभाग ने वित्त

वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए आईटीआर दाखिल करने की विस्तारित समय-सीमा पहले ही बढ़ा कर 15 सितंबर, 2025 कर दिया था। विभाग ने इससे पहले केवल आईटीआर-1 और आईटीआर-4 (ऑनलाइन और एक्सेल यूटिलिटी दोनों) जारी किए थे। इससे सीमित करदाताओं को ही अपना आईटीआर दाखिल करने में मदद मिली थी। हालांकि, आईटीआर-3 फॉर्म के लिए अब भी केवल एक्सेल यूटिलिटी ही सक्षम है, ऑनलाइन यूटिलिटी अभी सक्षम नहीं है।

नए ब्रांड के साथ इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाजार में उतारा लोहिया समूह

एजेंसी

नई दिल्ली। लोहिया समूह के योद्धा ब्रांड ने देश में ही डिजाइन किया हुआ इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर - योद्धा ईपॉड बाजार में उतरा है जो कंपनी के अनुसार एल5 श्रेणी (तिपहिया ईवी श्रेणी) में अगली पीढ़ी का यात्री वाहन है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इसे जिसे पूरी तरह से देश में ही डिजाइन और निर्मित किया गया है तथा इसे सड़कों और मौसम के हिसाब से तैयार किया गया है। कंपनी का दावा है कि मुनासिब कीमत का एक मजबूत वाहन है। इसके रखरखाव का चर्चा में कम है कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आयुष लोहिया ने कहा, हम सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ

कमाई का ज़रिया पेश कर रहे हैं। योद्धा ईपॉड अच्छी तकनीक और भरोसे का वाहन है। उन्होंने कहा कि लोहिया समूह के इस नये ब्रांड योद्धा के ईपॉड को पहले उत्तर प्रदेश, बिहार और असम जैसे राज्यों की बाजार में उतारा गया है, जहां थ्री-व्हीलर वाहनों की मांग और उपयोग दोनों ही काफी अधिक हैं। कंपनी की योजना आने वाले महीनों में इसे देशभर में उपलब्ध करने की है। कंपनी ने बताया कि यह वाहन एक बार चार्ज करने पर करीब 227 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। इसमें 11.8 केडब्ल्यूएच की लिथियम-आयन बैटरी, छह किलोवॉट की मोटर, 55 एनएम का टॉर्क और वाटर वेडिंग कैपेसिटी 300 मिमी तक की दी गयी है। योद्धा ईपॉड का निर्माण उत्तराखंड के काशीपुर स्थित अत्याधुनिक संयंत्र में किया गया है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता एक लाख यूनिट की है।

डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

एजेंसी

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट में बनी अनिश्चितता, डॉलर इंडेक्स की मजबूती और स्टॉक मार्केट में विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा की गई बिकवाली के कारण आज रुपया, डॉलर की तुलना में गिरावट के साथ बंद हुआ। मुद्रा बाजार में भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 13 पैसे फिसल कर 86.08 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन भारतीय मुद्रा 85.95 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। हालांकि रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ ही की थी, लेकिन दिन के कारोबार में दबाव बढ़ जाने के कारण डॉलर ने बढ़त बना ली। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 5 पैसे की मजबूती के साथ 85.90 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के पहले सत्र के कारोबार के दौरान कुछ समय के लिए रुपया मजबूत होकर 85.79 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद जैसे-जैसे स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों ने बिकवाली का दबाव बना कर अपने पैसों की निकासी शुरू की, वैसे-वैसे डॉलर की मांग भी बढ़ती गई। डॉलर की मांग में तेजी आने के कारण रुपया ऊपरी स्तर से 31 पैसे फिसल कर 15 पैसे की कमजोरी के साथ 86.10 के स्तर तक गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद रुपये ने 13 पैसे की कमजोरी के साथ 86.08 रुपये के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि डॉलर इंडेक्स की मजबूती और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय शेयर बाजार से अपने पैसे की निकासी के साथ अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ग्लोबल मार्केट में बनी अनिश्चितता ने भारतीय मुद्रा को कमजोर करने में अहम भूमिका निभाई।

भारी उद्योग मंत्रालय ने ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2047 लॉन्च किया

एजेंसी

नई दिल्ली। भारी उद्योग मंत्रालय ने ऑटोमोटिव मिशन योजना 2047 (एएमपी 2047) के निर्माण की शुरूआत की है, जो 'विकसित भारत @2047' के विजन के अनुरूप एक रणनीतिक रोडमैप है। इसका उद्देश्य पिछले ऑटोमोटिव मिशनों के जरिए प्राप्त प्रगति पर निर्माण करना है। इसके साथ ही भारत को वैश्विक मोटर वाहन उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थिति के लिए एक अग्रेषित दिखने वाला एजेंडा सेट करना है।भारी उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि ऑटोमोटिव मिशन योजना 2047 के निर्माण की शुरूआत की गई है, जो 'विकसित भारत @2047' के विजन के अनुरूप एक रणनीतिक रोडमैप है। एएमपी 2047 का लक्ष्य नवाचार

और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत की वैश्विक ऑटोमोटिव व्यापार की हिस्सेदारी बढ़ाना है, ताकि 2047 तक भारत को एक वैश्विक ऑटोमोटिव लीडर के रूप में स्थापित किया जा सके। एएमपी 2047 उप-समितियों ने उद्देश्यों की रूपरेखा तय करने और विचार-विमर्श शुरू करने के लिए बैठक की हैं। बैठक में विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधियों को बुलाया गया, जिनमें विद्युत मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, डीपीआईआईटी, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और उद्योग निकाय जैसे एसआईएएम, एसीएमए और सीआईआई, फिक्की, अकादमिक संस्थान, अनुसंधान विचार मंच और परीक्षण एजेंसियां शामिल थीं, जिन्होंने एएमपी 2047 को आकार देने के लिए उद्योग के नेतृत्व में प्रयास शुरू किए।

डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग की रूपरेखा पर कार्यशाला का आयोजन

एजेंसी

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग के अपने ढांचे पर आधे दिन की कार्यशाला का आयोजन किया। संचार मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि नई दिल्ली स्थित ट्राई मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य संपत्ति या बुनियादी ढांचे के विकास योजना के एक भाग के रूप में डिजिटल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे की योजना बनाने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इसके साथ ही 25 अक्टूबर 2024 को ट्राई द्वारा अधिसूचित डिजिटल कनेक्टिविटी विनियमन, 2024 के लिए संपत्तियों की रेटिंग को संस्थागत रूप से अपनाने को बढ़ावा देना था। मंत्रालय के मुताबिक अपने उद्घाटन भाषण में

ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मजबूत डिजिटल कनेक्टिविटी पानी, बिजली और संरचनात्मक सुरक्षा की तरह ही जरूरी हो गई है, खासकर तब जब अनुमानतः 70-80 फीसदी मोबाइल डेटा ट्रैफिक का उपभोग अब घर के अंदर ही किया जाता है। इस कार्यशाला में प्रमुख केन्द्रीय सरकारी मंत्रालयों और विभागों, भारतीय मानक ब्यूरो, सीपीडब्ल्यूडी, नगर एवं ग्राम नियोजन संगठन, योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, एनबीसीसी और अन्य अवसंरचना विकास एजेंसियों के लगभग 100 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

सेबी कमोडिटी, कॉर्पोरेट बॉन्ड मार्केट को बढ़ावा देने की दिशा में कर रहा है काम

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) इक्विटी मार्केट के अलावा दूसरे एसेट्स में निवेश बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है, क्योंकि ये ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें अब भी काफी संभावनायें हैं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी. ने यहां उद्योग संगठन सीआईआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि लोग कह सकते हैं कि भारतीय बाजार इक्विटी केंद्रित हैं। कॉर्पोरेट बॉन्ड बाजार का विकास हो रहा है, लेकिन इसमें गहराई की कमी है। खासकर कोमोडिटी बाजार में काफी अनछुये अवसर हैं। उन्होंने कहा, सेबी इन एसेट वर्गों में भागीदारी बढ़ाने और नये उत्पाद लाने को प्रोत्साहित कर रहा है। वह कॉर्पोरेट बॉन्ड बाजार में पारदर्शिता और ट्रेडिंग को बढ़ावा दे रहा है, ज्कोमोडिट डेरिवेटिव्स की पहुंच बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। श्री नारायण ने बताया कि पिछले पांच साल में देश में यूनीक डीमैट खाताधारकों की संख्या तीन गुना के अधिक हो गयी है। अब यह संख्या 10 करोड़ पर पहुंच चुकी है। पिछले छह साल में आम लोगों ने बचत से 18 लाख करोड़ रुपये (लगभग 210 अरब डॉलर) इक्विटी जोखिम से जुड़ी म्युचुअल फंड योजनाओं में निवेश किया है, जिसके कारण ऐसे एयूएम में निवेश जून 2019 के 12 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 53 लाख करोड़ रुपये हो गया है। खास बात यह है।

बिकवाली के दबाव के कारण गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बिकवाली के दबाव का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली तेजी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की भी कोशिश की लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि सेंसेक्स और निफ्टी कभी संभल नहीं सके। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। दूसरी ओर रियल्टी, फार्मास्यूटिकल, मेटल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 50 हजार करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 460.72 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.26 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से 46 करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। बीएसई में 4,199 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,006 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,039 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 154 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,654 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,261 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,393 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर बढ़त के साथ और 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 119.05 अंक की तेजी के साथ 82,753.53 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के थोड़ी देर बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण ये सूचकांक अपनी सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में लुढ़क गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले 415.21 अंक की कमजोरी के साथ 82,219.27 अंक तक पहुंच गया। अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई मामूली खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 40 अंक की रिकवरी करके 375.24 अंक की गिरावट के साथ 82,259.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 18.70 अंक उछल कर 25,230.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के कुछ देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक भी लुढ़क कर लाल निशान में आ गया। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 111.05 अंक टूट कर 25,101 अंक के स्तर तक गिर गया। अंत में दिन के सौदों के निपटारे के कारण हुई लिवाली के सपोर्ट से निफ्टी निचले स्तर से मामूली रिकवरी करके 100.60 अंक की कमजोरी के साथ 25,111.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

नेपाल में न्यायाधीशों को भी संपत्ति का खुलासा करना अनिवार्य होगा, संसद में विधेयक लाने की तैयारी

एजेंसी
काठमांडू। नेपाल सरकार संसद में एक नया विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से लेकर जिला अदालत तक के सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति विवरण सार्वजनिक करने को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है। अब तक अदालत के न्यायाधीशों को संपत्ति का खुलासा करने का नियम तो था, लेकिन यह अनिवार्य नहीं था। अब नेपाल के कानून मंत्रालय ने संसद सचिवालय में एक विधेयक को टेबल करने के लिए प्रस्तावित किया है, जिसमें सर्वोच्च अदालत के प्रधान न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीशों, उच्च अदालत तथा जिला अदालत के मुख्य न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति विवरण सार्वजनिक करने को अनिवार्य बनाया गया है। कानून मंत्री अजय चौरसिया ने कहा कि जिस तरह से नेपाल में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से लेकर सभी मंत्री एवं सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए संपत्ति विवरण को सार्वजनिक करना अनिवार्य है, उसी तरह से अब न्यायाधीशों को भी इस दायरे में लाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया है। उन्होंने बताया कि इस समय भी न्यायाधीशों का संपत्ति विवरण न्याय परिषद में देना अनिवार्य है, पर उसे सार्वजनिक नहीं किया जाता है। इसलिए सरकार के इस नए विधेयक से इसे सार्वजनिक करना अनिवार्य हो जाएगा। नए विधेयक में न्यायाधीशों को अपनी नियुक्ति और स्थानांतरण के 30 दिनों के भीतर ही संपत्ति विवरण को संबंधित अदालत के वेबसाइट पर सार्वजनिक करना अनिवार्य बनाया जा रहा है।

अमेरिकी सीनेट में विदेशी सहायता और सार्वजनिक प्रसारण में कटौती संबंधी विधेयक पारित

वाशिंगटन। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के उच्च सदन सीनेट ने सुबह व्हाइट हाउस के विदेशी सहायता और सार्वजनिक प्रसारण पर खर्च पर कटौती के विधेयक को मामूली अंतर से पारित कर दिया। सीनेट के इस कदम से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 9.4 बिलियन डॉलर की कटौती करने का रास्ता साफ हो गया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार रिपब्लिकन ने कांग्रेस की खर्च करने की शक्ति के सामने समर्पण करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप के आगे घुटने टेक दिए। 51-48 के मतों से यह प्रस्ताव दो रिपब्लिकन की आपत्तियों के बावजूद पारित हुआ। दोनों ने तर्क दिया कि उनकी पार्टी संघीय वित्त पोषण पर कांग्रेस के संवैधानिक अधिकार का हनन कर रही है। इस प्रस्ताव का विरोध करने वालों में रिपब्लिकन मेन की सीनेटर सुजैन कोलिन्स और अलास्का की लिसा मुर्कोव्स्की शामिल हैं। उम्मीद है कि सदन इस सप्ताह के अंत में इसे अंतिम मंजूरी देते हुए ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजेगा। इस विधेयक पर बहस ने कांग्रेस की धन-संपत्ति पर चल रही खींचतान को उजागर कर दिया। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद से व्हाइट हाउस ने संघीय खर्च पर कटौती के लिए कठोर कदम उठाए हैं। बजट कार्यालय निदेशक रसेल टी. वॉट के नेतृत्व में व्हाइट हाउस के शीर्ष अधिकारियों ने संघीय सरकार के आकार पर लगाम लगाने की कोशिश की है। यह राष्ट्रपति के संघीय खर्च पर दूरगामी अधिकार हासिल करने के व्यापक अभियान का हिस्सा है।

चीन में फंसे 1200 नेपाली नागरिकों की वापसी के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज

काठमांडू। नेपाल और चीन की सीमा पर 8 जुलाई को आई बाढ़ से पुल बह जाने के बाद चीन की तरफ फंसे करीब 1200 नेपाली नागरिकों की वापसी के लिए गुरुवार को कूटनीतिक प्रयास तेज किये गए हैं। बाढ़ से प्रभावित रसुवा सीमा नाका पर बने नेपाल-चीन मैत्री पुल के बह जाने से केरुंग में असहाय हुए नेपाली नागरिकों को जल्द वापस लाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने चीनी विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा है।रसुवा जिले के प्रमुख जिला अधिकारी अर्जुन पौडेल के अनुसार विदेश मंत्रालय ने चीनी सरकार से फंसे हुए 1,200 लोगों की वापसी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। चीनी पक्ष ने केरुंग में असहाय नेपालियों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था की है। फंसे हुए लोगों में 91 वाहन चालक और सहायक शामिल हैं। पौडेल ने बताया कि बुधवार को उन्होंने नेपाल के विदेश मंत्रालय को कूटनीतिक पहल शुरू करने का अनुरोध करते हुए पत्र भेजा था।

इराक में आग लगने से 61 लोगों की मौत, तीन दिन के शोक की घोषणा

बगदाद। इराक के पूर्वी हिस्से में स्थित वासित प्रांत के कुट शहर की एक मार्केट में आग लगने से कम से कम 61 लोगों की मौत हो गई। अनेक लोग लापता बताए गए हैं। नागरिक सुरक्षा टीमों ने कम से कम 45 लोगों को बचा लिया है। वासित प्रांत में तीन दिन के शोक की घोषणा की गई है। अल जजीरा न्यूज चैनल की खबर के अनुसार इराक के गृह मंत्रालय ने कहा कि यह आग कुट शहर के एक हाइपरमार्केट में लगी। 14 जले हुए शव मिले हैं। नागरिक सुरक्षा टीमों ने इमारत के अंदर से 45 लोगों को बचाया है, जबकि 59 मृतकों की पहचान हो गई है। यह हाइपर मार्केट एक पांच मंजिला इमारत में आबाद थी। यहां रात भर आग की लपटें उठती रहीं। इस इमारत में कुछ दिन पहले एक रेस्टोरेंट भी खुला था। प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने कहा कि उन्होंने गृहमंत्री को मौके पर भेजा है। वासित प्रांत के गवर्नर मोहम्मद अल-मायाही ने बताया कि आग हाइपर मार्केट और रेस्टोरेंट में लगी। दमकलकर्मियों ने कई लोगों को बचाया और आग बुझाई।

'मैं नहीं बनाता महिलाओं की फोटो,' ट्रंप ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की दी धमकी

एजेंसी
वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' पर एक कथित अभद्र पत्र के बारे में प्रकाशित खबर को लेकर मुकदमा करने की धमकी दी है। दावा किया जा रहा है कि यह पत्र ट्रंप ने 2003 में जेफरी एपस्टीन को 50वें जन्मदिन पर लिखा था, जिसमें एक महिला का आपत्तिजनक फोटो था। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' का कहना है कि उसने पत्र की समीक्षा की है, लेकिन उसकी फोटो नहीं छापा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की सफाई को लेकर सवाल उठाए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा, 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने मेरे नाम से एपस्टीन को लिखा गया एक फेक लेटर छापा। ये मेरे शब्द नहीं हैं, न ही मैं ऐसे बोलता हूं, और मैं तस्वीरें भी नहीं बनाता। मैंने रूपर्ट मर्डोक को बताया था कि ये झूठी कहानी है,

फिर भी उन्होंने इसे छाप दिया। अब मैं उनके और उनके अखबार पर केस करूंगा।' ट्रंप और एपस्टीन को लेकर यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है, जब एपस्टीन के यौन शोषण मामले को लेकर ट्रंप प्रशासन के रवैये पर पहले से ही राजनीतिक तनाव चरम पर है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जेफरी एपस्टीन मामले को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर एक बयान जारी किया।

उन्होंने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को निर्देश दिया कि वे इस मामले से संबंधित सभी प्रासंगिक ग्रैंड जूरी की गवाही को, अदालत की मंजूरी के अधीन, सार्वजनिक करें। ट्रंप ने इस मामले को 'डेमोक्रेट्स द्वारा चलाया गया एक स्कैम' करार दिया और इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा, जेफरी एपस्टीन को लेकर हो रहे हंगामे को देखते हुए मैंने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी से कहा है कि वे अदालत की मंजूरी के अधीन, ग्रैंड जूरी की सभी जरूरी गवाही पेश करें। डेमोक्रेट्स द्वारा चलाया जा रहा यह स्कैम अभी बंद होना चाहिए।

स्लोवेनिया ने इजराइल के दो मंत्रियों को 'अवांछित' घोषित किया, ईयू में पहली कार्रवाई

एजेंसी
साराजेवो। स्लोवेनिया ने इजराइल के दो कट्टरपंथी मंत्रियों राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर और वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच को पर्सोना नॉन ग्राटा (अवांछित व्यक्ति) घोषित किया है। ऐसा करने वाला स्लोवेनिया पहला यूरोपीय संघ देश बन गया है। यह निर्णय इजराइल पर फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसा और उकसावे के आरोपों के चलते लिया गया है।स्लोवेनिया की विदेश मंत्री तान्या फायोन ने पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ÷आज हमारी सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। हमने दो इजराइली मंत्रियों को स्लोवेनिया में अवांछित घोषित किया है। यह यूरोपीय संघ में अपनी तरह की पहली कार्रवाई है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों मंत्री वेस्ट बैंक में अवैध यहूदी बस्तियों के विस्तार, फिलिस्तीनियों की जबरन बेदखली और नागरिक फिलिस्तीनी आबादी के खिलाफ हिंसा के समर्थन में सार्वजनिक बयान देते रहे हैं। फायोन ने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया क्योंकि ब्रसेल्स में हुई ईयू विदेश मंत्रियों की बैठक में इजराइल के खिलाफ कोई साझा कार्रवाई तय नहीं हो सकी। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य संभावित उपायों पर भी विचार किया जा रहा है, लेकिन फिलहाल विस्तार से कुछ नहीं बताया। इजराइली सरकार की ओर से इस फैसले पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि इजराइल पहले भी गाजा में नरसंहार के आरोपों को सिरे से खारिज करता आया है। उसका कहना है कि उसकी कार्रवाई आत्मरक्षा में है, खासकर 07 अक्टूबर 2023 को हुए हमास हमले के बाद, जिसमें 1,200 लोगों की मौत हुई थी और 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था।

अमेरिका की दिग्गज पॉप गायिका और अभिनेत्री कॉनी फ्रांसिस का 87 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी
न्यूयॉर्क। अमेरिका की मशहूर दिग्गज पॉप गायिका और अभिनेत्री कॉनी फ्रांसिस का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। न्यू जर्सी के नेवार्क में 12 दिसंबर, 1937 को जन्मी फ्रांसिस ने एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। 1960 के दशक में वह युवाओं और किशोरों की चहेती गायिका रहीं। इस दशक में उनके गाने 'लिपस्टिक ऑन योर कॉलर' और 'हूज सॉरी नाउ?' मौजूदा पीढ़ी ने जमकर सुना। सीएनएन न्यूज चैनल की खबर के अनुसार कॉनी फ्रांसिस के निधन की सूचना दुनिया को सबसे पहले उनके प्रचारक और मित्र रॉन रॉबर्ट्स ने दी। रॉबर्ट्स ने फेसबुक पेज पर लिखा, भारी मन और अत्यंत दुख के साथ मैं आपको कल रात अपनी प्रिय मित्र कॉनी फ्रांसिस के निधन की सूचना दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि फ्रांसिस को हाल ही में दर्द की समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस महीने की शुरुआत में उन्हें कुछ कार्यक्रम रद्द भी करने पड़े थे। हाल

में उनके गाने प्रिटी लिटिल बेबी ने टिकटॉक ट्रेंड की बदौलत युवा पीढ़ी का ध्यान आकर्षित किया था। युवावस्था में फ्रांसिस ने आर्थर गॉडफ्रे के लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक स्टारटाइम टैलेंट स्काउट्स में प्रथम पुरस्कार जीता। एमजीएम कंपनी ने सबसे पहले फ्रांसिस का एकल गीत फ्रेडी रिलीज किया था। फ्रांसिस को बड़े पर्दे पर भी सफलता मिली। उन्होंने 1963 में व्हेयर द बॉयज आर, फॉलो द बॉयज, 1964 में लुकिंग फॉर लव और 1965 में व्हेन द बॉयज मीट द गर्ल्स जैसी फिल्मों में काम किया। व्हेन द बॉयज मीट द गर्ल्स उनकी आखिरी फिल्म थी। फ्रांसिस को चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। 1974 में न्यूयॉर्क के वेस्टबरी संगीत मेले में प्रस्तुति के बाद होटल में हुए हादसे को वह कभी नहीं भूल पाईं। होटल में उनके साथ बलात्कार और उन्हें लूटने की कोशिश की गई। उन्होंने इसके बाद होटल पर मुकदमा दायर किया। वह मुकदमा जीत भी गईं, लेकिन इस हमले ने उन्हें गहरे अवसाद में धकेल दिया। तीन साल बाद उनके नाक की सर्जरी की गई। इस कारण फ्रांसिस की आवाज की मिठास चली गई। इससे उबरने में उन्हें लंबा समय लगा। उनके भाई जॉर्ज ए. फ्रैंकोनेरो की 1981 में 40 वर्ष की आयु में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वो वकील थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नसों की बीमारी, पैरों में आने लगी सूजन

एजेंसी
वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप को उम्रजनित शारीरिक दिक्कतें शुरू हो गई हैं। 79 वर्षीय ट्रंप को नसों की बीमारी हो गई है। इससे उनके पैरों में सूजन आने लगी है। व्हाइट हाउस ने जारी बयान में कहा कि ट्रंप के पैरों के निचले हिस्से में सूजन और दाहिने हाथ में चोट के निशान हैं। द वाशिंगटन पोस्ट की खबर के अनुसार, व्हाइट हाउस ने आधिकारिक विज्ञप्ति में चिकित्सक के हवाले से कहा कि ट्रंप के शरीर में क्रोनिक शिरापरक की अपर्याप्तता है। यह ऐसी स्थिति होती है जिससे जिसमें पैरों को हृदय तक रक्त पहुंचाने में परेशानी होती है। उल्लेखनीय है कि चिकित्सा विज्ञान में साफ किया गया है कि क्रोनिक शिरापरक अपर्याप्तता पीड़ित व्यक्ति के पैरों की नसें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। इस वजह से रक्त को हृदय तक वापस ले जाने में मुश्किल होती है। इससे पैरों में रक्त जमा हो जाता है। पैरों में रक्त जमा हो जाने से सूजन, दर्द, और त्वचा में परिवर्तन आ जाता है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट संवाददाता

सम्मेलन में कहा कि यह बीमारी आमतौर पर 70 वर्ष से अधिक उम्र के बाद होती है। उन्होंने कहा कि इस इस हफ्ते ऑनलाइन कुछ तस्वीरें वायरल हुईं। इनमें ट्रंप के पैर सूजे हुए और एक हाथ की त्वजा में पारदर्शी आवरण दिखाई दिए। इन तस्वीरों के बाद इंटरनेट पर कई लोगों ने यह अनुमान लगाया कि प्रशासन राष्ट्रपति के बारे में कुछ छुपा रहा है। लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति के हाथ में कई लोगों से हाथ मिलाने की वजह से चोट आ गई है। उनके पैर में सूजन एक सामान्य नसों की बीमारी के कारण है। लेविट ने कहा कि इससे राष्ट्रपति को कोई परेशानी नहीं हो रही। लेविट के संवाददाता सम्मेलन के बाद व्हाइट हाउस ने अमेरिकी नौसेना के एक अधिकारी और ट्रंप के चिकित्सक शॉन बारबेला का पत्र जारी किया। इसमें कहा गया है कि ट्रंप ने इन समस्याओं के संबंध में कई परीक्षण करवाए हैं। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति के पैरों के अल्ट्रासाउंड से क्रोनिक वेनस इनसफीशिएंसी का पता चला है, जो आम बीमारी है, खासकर 70 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में पाई जाती है। अन्य जांच में हृदय गति रुकने, गुर्दे खराब होने या किसी अन्य उम्रजनित बीमारी के कोई लक्षण नहीं मिले।

गाजा के कैथोलिक चर्च पर हमले में 3 की मौत, इजरायल ने जताया खेद; पोप और संयुक्त राष्ट्र ने भी की निंदा

एजेंसी
यरुशलम। इजरायल ने गाजा के एकमात्र कैथोलिक चर्च पर हुए घातक हमले पर दुख जताया है। इस हमले में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 10 लोग घायल हुए। हमले के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा के एकमात्र कैथोलिक चर्च पर हुए हमले को लेकर इजरायल गहरा खेद प्रकट करता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि यह हमला टारगेट भटकने के कारण हुआ, जिससे गोला-बारूद होली फैमिली चर्च पर गिरा। उन्होंने कहा, हर एक मासूम जान का जाना एक त्रासदी है। हम पीड़ित परिवारों और विश्वासियों के दुख में सहभागी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इजरायली विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) इस घटना की जांच कर रहा है, जिसकी परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं हैं।

मंत्रालय ने आगे कहा कि जांच के परिणाम पारदर्शी रूप से प्रकाशित किए जाएंगे। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की एक प्रवक्ता ने बताया, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी गाजा में होली फैमिली चर्च पर हुए हमले की निंदा की, जोकि आम नागरिकों के लिए एक शरणस्थली था। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख की सहयोगी प्रवक्ता स्टेफनी ट्रेंबले ने कहा, धार्मिक स्थलों पर हमले अस्वीकार्य हैं। शरण चाहने वाले लोगों का सम्मान और सुरक्षा होनी चाहिए, न कि उन पर हमले होने चाहिए। उन्होंने कहा, पहले ही बहुत से लोगों की जान जा चुकी है। महासचिव सभी पक्षों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि नागरिकों का हर समय सम्मान और सुरक्षा हो और गाजा में बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता पहुंच सके। स्टेफनी ट्रेंबले ने यह भी कहा कि तत्काल युद्धविराम और सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की सख्त जरूरत है। चर्च पर हमले के बाद पोप लियो 14 ने गाजा में युद्धविराम का अपना आह्वान दोहराया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, गाजा में होली फैमिली कैथोलिक चर्च पर हुए सैन्य हमले में हुई जान-माल की हानि और घायलों के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं पैरिश समुदाय को अपनी आध्यात्मिक निकटता का आश्वासन देता हूं।

अमेरिकी सोलर कंपनियों ने भारत, इंडोनेशिया और लाओस से होने वाले आयात पर टैरिफ की मांग की

एजेंसी
वाशिंगटन। अमेरिका की सौर पैनल निर्माता कंपनियों के एक समूह ने भारत, इंडोनेशिया और लाओस से हो रहे सौर पैनलों के आयात पर टैरिफ (शुल्क) लगाने की मांग की है। इन देशों पर सस्ते दामों पर उत्पादों की बिक्री (डंपिंग) कर अमेरिकी बाजार को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। यह याचिका अमेरिकी वाणिज्य विभाग के समक्ष दायर की गई। इस मांग का नेतृत्व 'अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड' नामक समूह कर रहा है, जिसमें फर्स्ट सोलर, दक्षिण कोरियाई कंपनी क्यू-सेल, और निजी कंपनियां टैलोन पीवी और मिशन सोलर शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इन देशों की कंपनियों को उनकी सरकारों से अनुचित सब्सिडी मिल रही है और वे अमेरिका में लागत से कम कीमत पर उत्पाद बेच रही हैं, जिससे अमेरिकी निर्माण क्षेत्र को गहरा नुकसान हो रहा है। याचिका में कहा गया है कि चीनी कंपनियों ने पहले जिन दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों (मलेशिया, वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया) में उत्पादन किया था, उन पर पहले ही अमेरिका ने टैरिफ लगाया है। अब वे कंपनियां अपना उत्पादन इंडोनेशिया और लाओस में स्थानांतरित कर रही हैं। साथ ही भारत की कुछ कंपनियां भी अमेरिकी बाजार में कम कीमत पर पैनल बेच रही हैं। याचिका के मुताबिक, भारत, इंडोनेशिया और लाओस से अमेरिका में सोलर पैनल का आयात वर्ष 2022 में 289 मिलियन डॉलर था।

बांग्लादेश के गोपालगंज में हिंसा में मारे गए लोगों का बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार!

एजेंसी
ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और गोपालगंज में हुई हिंसा में मारे गए लोगों का बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार कर दिया गया। सरकार ने दावा किया है कि लोग अस्पताल से चारों लोगों के शव जबरदस्ती ले गए। ढाका ट्रिब्यून की खबर में परिजनों के हवाले से कहा गया है कि हिंसा के शिकार उनके सदस्यों का पोस्टमार्टम नहीं किया गया। इसलिए उन्होंने उनका अंतिम संस्कार कर दिया। खबर में कहा गया है कि इन लोगों की मौत पर गुरुवार रात तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। इस हिंसा की वजह अवामी लीग और उसके प्रतिबंधित छात्र लीग के नेताओं और समर्थकों की नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) की रैली पर हुए कथित हमले को ठहराने की

कोशिश की गई है। ढाका ट्रिब्यून ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा कि हमलावरों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इसमें कथित तौर पर चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान रमजान काजी, सोहेल राणा, दीप्तो साहा और इमोन तालुकदार के रूप में हुई। पीड़ित परिवारों ने दावा किया कि पुलिस ने उन सभी की गोली मारकर हत्या कर दी। चारों पीड़ितों में से किसी का भी पोस्टमार्टम नहीं किया। इमोन को गुरुवार सुबह लगभग सात बजे गेतपारा स्थित नगरपालिका कब्रिस्तान में दफनाया गया। सोहेल को भी लगभग उसी समय तुंगीपारा स्थित उनके पारिवारिक कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। रमजान काजी को बुधवार रात नमाज के बाद गेतपारा में दफना दिया गया। दीप्तो का अंतिम संस्कार रात को नगर निगम के श्मशान घाट पर किया गया। इस बारे में गोपालगंज सामान्य अस्पताल के अधीक्षक डॉ. जिबितेश बिस्वास का कहना है कि चारों के शव अस्पताल लाए गए थे, लेकिन उनका पोस्टमार्टम नहीं किया गया। परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि अस्पताल ने कोई मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी नहीं किया। ढाका रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक रेजाउल करीम मलिक ने स्वीकार किया कि शव परीक्षण नहीं किया गया है।

यूक्रेन संकट के बीच जेलेंस्की ने यूलिया स्विरीडेन्को को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया, डेनिस शमिहाल होंगे नए रक्षा मंत्री

एजेंसी
कीव। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच थके हुए राष्ट्र को नई ऊर्जा देने के प्रयास में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यूलिया स्विरीडेन्को को देश की नई प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। पूर्व अर्थव्यवस्था मंत्री रहीं स्विरीडेन्को, रूस के 2022 के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद नियुक्त होने वाली पहली प्रधानमंत्री हैं। 39 वर्षीय स्विरीडेन्को अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ कूटनीति में अनुभवी हैं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका के साथ यूक्रेन के दुर्लभ खनिजों के विकास संबंधी समझौते में प्रमुख वार्ताकार की भूमिका निभाई थी। साथ ही, उन्होंने युद्धकाल में रूस पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की वार्ता में भी अहम भूमिका निभाई थी। स्विरीडेन्को ने संसद से विश्वास मत मिलने के बाद एक्स पर लिखा, युद्ध किसी देरी की अनुमति नहीं देता। हमें तेज और निर्णायक रूप से कार्य करना होगा। सेना के लिए भरोसेमंद आपूर्ति, हथियार निर्माण में आत्मनिर्भरता और रक्षा बलों की तकनीकी क्षमता बढ़ाना हमारी छह माह की प्राथमिकताएं हैं।

इसके अलावा, पूर्व प्रधानमंत्री डेनिस शमिहाल, जो मार्च 2020 से पद पर थे, अब नए रक्षा मंत्री बनाए गए हैं। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन घरेलू हथियार उत्पादन बढ़ाने की योजना बना रहा है और अमेरिका के साथ मिलकर आधुनिक रक्षा प्रणाली विकसित करने पर काम कर रहा है। पूर्व रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव को पद से हटाया गया है। यद्यपि उन्होंने मंत्रालय में सुधारों की कोशिश की, लेकिन कई आलोचकों ने उनके कार्यकाल को कुप्रबंधन से प्रभावित बताया। जेलेंस्की ने अमेरिका में यूक्रेन की अगली राजदूत के रूप में ओल्गा स्टेफनिशीना को नामित किया है। वर्तमान में उन्हें अमेरिका के साथ सहयोग विकास की विशेष प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है। स्टेफनिशीना यूरोपीय एकीकरण मामलों की पूर्व मंत्री रही हैं और वे जेलेंस्की की टीम में एक विश्वसनीय और अनुभवी चेहरा मानी जाती हैं। यूक्रेनी संसद को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने कहा, हम सब जल्द शांति चाहते हैं। लेकिन हमें यह भी दिख रहा है कि वैश्विक समर्थन को बनाए रखना कितना कठिन होता जा रहा है। कई अन्य युद्ध और संकट दुनिया भर में उभर रहे हैं।

सीरियाई राष्ट्रपति ने ड्रूज समुदाय की सुरक्षा को बताया सर्वोपरि

एजेंसी
दमिश्क। सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शराआ ने देश के दक्षिणी हिस्से में हिंसा से प्रभावित ड्रूज बहुल शहर सुवैदा की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय धार्मिक नेताओं और गुटों को सौंपने की घोषणा की है। उन्होंने यह कदम सांप्रदायिक संघर्ष को समाप्त करने और दमिश्क पर इजराइली हवाई हमलों के बाद उत्पन्न हालात के मद्देनजर उठाया है। उन्होंने कहा कि ड्रूज लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। टेलीविजन पर प्रसारित एक संबोधन में राष्ट्रपति अल-शराआ ने कहा कि जो लोग हमारे ड्रूज भाइयों के खिलाफ ज्यादती और हमले के जिम्मेदार हैं, उन्हें सजा दी जाएगी। वे हमारी जिम्मेदारी में हैं और इस राष्ट्र की सामाजिक संरचना का अहम हिस्सा हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे समाज में विभाजन फैलाने की किसी भी विदेशी या आंतरिक कोशिश को पनपने नहीं दिया जाएगा। शांति बहाली की दिशा में सुरक्षा की जिम्मेदारी अब राष्ट्रीय हितों के तहत स्थानीय समुदायों को सौंपी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सुवैदा और आसपास के क्षेत्रों में बीते कुछ दिनों में ड्रूज सशस्त्र समूहों, बेदुइन जनजातियों और सरकारी बलों के बीच जबरदस्त झड़पें हुई हैं। इन हिंसा की घटनाओं में दक्षिणी सीरिया में अब तक 169 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने मृतकों की संख्या 360 से अधिक बताई है।

जापान के 'डिफेंस वाइट पेपर' पर भड़का उत्तर कोरिया, 'युद्ध की तैयारी' का लगाया आरोप

सोल । उत्तर कोरिया ने जापान के 'डिफेंस वाइट पेपर' पर सख्त ऐतराज जताया है। दरअसल, इस रक्षा रिपोर्ट में उत्तर कोरिया को 'खतरा' बताया गया है। बिफरे विदेश मंत्रालय ने इसे 'युद्ध की तैयारी'और आक्रामक इरादों वाला कदम करार दिया है। उत्तर कोरिया ने जापान पर आरोप लगाया कि वह खुद को एक सैन्य ताकत बनाने की कोशिश को छुपाने के लिए ऐसा कर रहा है।

नॉर्थ कोरियाई विदेश मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले द इंस्टीट्यूट फॉर जापान स्टडीज ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के जरिए बयान जारी कर जापान के रक्षा श्वेत पत्र (डिफेंस वाइट पेपर) की निंदा की। ये श्वेत पत्र तीन दिन पहले जापान ने जारी किया था। इस पत्र में उत्तर कोरिया, रूस और चीन को जापान के लिए 'गंभीर खतरा' बताया गया। साथ ही उत्तर कोरिया को रूस से सैन्य सहयोग के बदले परमाणु और मिसाइल तकनीक मिलने की संभावना पर 'गहरी चिंता' जताई गई। उत्तर कोरिया ने अपने बयान में जापान पर फिर से आक्रमण की महत्वाकांक्षा रखने और पूर्वव्यापी स्ट्राइक क्षमता हासिल करने का आरोप लगाया, जिसमें हाल के वर्षों में स्वदेशी लंबी दूरी की मिसाइलों

का विकास और विदेश से ऐसी मिसाइलों की खरीद का हवाला दिया गया। योनहाप न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बयान में जापान के रक्षा श्वेत पत्र को 'पुनः आक्रमण की महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए युद्ध का माहौल पैदा करने' की सोच करार दिया और चेतावनी दी गई कि जापान का सैन्य महाशक्ति बनने का प्रयास क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरे में डालता है, जिसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बयान में कहा गया, 'यह जापान की धमकी भरी सत्ता को छिपाने और क्षेत्रीय स्थिति को धीरे-धीरे बढ़ाने वाली उसकी लापरवाह हरकतों को उचित ठहराने का बेशर्मी भरा तर्क है, ताकि पूरे द्वीपसमूह को अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति के लिए सैन्य चौकी और लॉजिस्टिक आधार बनाया जा सके। बयान में दावा किया गया कि जापान अब लंबी दूरी के हमले और ट्रांस-डोमेन ऑपरेशन की क्षमता सहित आक्रामक युद्ध की क्षमता विकसित करने में जुटा है और यह मात्र अस्थायी प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि 'शांति राज्य' की पहले की नीति से हटकर सैन्य नीति का पुनः अभिविन्यास है। बयान में यह भी कहा गया, 'वर्तमान घटनाक्रम एक बार फिर साबित करता है कि (उत्तर कोरिया) द्वारा अपनी परमाणु युद्ध निरोधक क्षमता को मजबूत करने के प्रयास अमेरिका और उसके सहयोगियों के उकसावे को सख्ती से दबाने में एक अनिवार्य योगदान के रूप में काम करते हैं।' केसीएनए ने एक अलग टिप्पणी में जापान, यूनाइटेड किंगडम और इटली के संयुक्त अगली पीढ़ी के लड़ाकू जेट विकसित करने के प्रोजेक्ट की आलोचना की और इसे जापान के 'युद्ध गठबंधन' को बहाल करने का प्रयास बताया। केसीएनए ने कहा, 'जापान का सैन्य आधुनिकीकरण का षड्यंत्र अपने युद्ध गठबंधन को बहाल करके पिछले साम्राज्यवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश में निहित है। उन्होंने दावा किया कि यह संयुक्त लड़ाकू जेट प्रोजेक्ट आक्रामक युद्ध शुरू करने का रास्ता तैयार करता है।